हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 5 अगस्त 2026

राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

# नहीं दूर हो रही समस्याः मोहारा फिल्टर प्लांट के आधे मोटर बंद, क्लोरीन की जगह ब्लीचिंग पाउडर से ही चल रहा काम, एलम के स्टॉक की भी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

शहर में गंदे पानी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच जल संयंत्र में बिना क्लोरीन मिलाए आधे शहर में जलापूर्ति की जा रही है। शहर में पेयजल आपूर्ति की कमान निजी हाथों में सौंपे जाने के बाद से ही यहां व्यवस्था बिगड़ी हुई है। लगभग एक वर्ष से जल संयंत्र में एलम की समस्या बनी हुई है।

बीते वर्ष भी एलम खत्म होने से शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित हुई थी और जनता को पानी नहीं मिल पाया था। वहीं बीते दिनों जल संयंत्र में एलम नहीं होने पर अन्य निकाय से एलम मांग कर काम चलाना पड़ा था। अब जल संयंत्र में क्लोरीन गैस की समस्या भी बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बीते दिनों क्लोरीन प्लांट में गैस रिसाव होने के बाद से यहां 17 एमएलडी प्लांट की व्यवस्था बिगड़ी हुई है और क्लोरीन की जगह ब्लीचिंग पाउडर से पानी की सप्लाई हो रही है। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने निरीक्षण के दौरान आरोप लगाया कि जल संयंत्र में पिछले 10 दिनों से क्लोरीन गैस की आपूर्ति बंद है, शहरवासियों को बिना क्लोरीन वाला पानी मिल रहा है। क्लोरीन की जगह केवल ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है। साथ ही फिटकरी की मात्रा भी बेहद कम है और केवल पांच दिनों का ही फिटकरी का स्टॉक बचा है।

### ब्लीचिंग पाउडर से शुद्धिकरण

प्लांट में गैस रिसाव के बाद समस्या हुई है, क्लोरीन की जगह ब्लीचिंग पाउडर उपयोग कर रहे हैं। ब्लीचिंग और क्लोरीन एक तरह से ही कार्य करते हैं। अभी तीनों प्लांट में ब्लीचिंग से पानी का शुद्धिकरण हो रहा है।

\- यूके रामटेक, इंजीनियर नगर निगम



### हानिकारक बैक्टीरिया नष्ट करने क्लोरिन का उपयोग

पानी में लगभग दो पीपीएम क्लोरीन मिलाया जाता है। क्लोरीन गैस रोगाणुमुक्त करने और पानी को पीने योग्य बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। यह पानी में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस और सूक्ष्मजीवों को नष्ट करती है। क्लोरिन ब्लीचिंग पाउडर से अधिक असरकारक और तेज गति से कार्य करने वाली होती है।

### पाइप लाइन मरम्मत कार्य से व्यवस्था प्रभावित

मोहरा फिल्टर प्लांट में कार्य कर रही तेजस कंपनी के प्रबंधक इंजीनियर नितिन पाटिल ने बताया कि बीते दिनों 17 एमएमएलडी प्लांट में क्लोरीन गैस रिसाव होने के बाद पाईप लाइन का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 4-5 दिनों में व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

### जलापूर्ति पर संकट का खतरा

नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि शहर की जनता पिछले कई दिनों से बिना क्लोरीन वाला पानी पी रही है। वहीं जल संयंत्र में कई गंभीर तकनीकी और प्रशासनिक खामियां भी है। उन्होंने बताया कि जल संयंत्र में पिछले 10 दिनों से क्लोरीन गैस की आपूर्ति बंद है। जिससे शहरवासियों को बिना क्लोरीन वाला पानी सप्लाई किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्लोरीन की जगह केवल ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग किया जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है। साथ ही फिटकरी की मात्रा भी बेहद कम है और संयंत्र में केवल पांच दिनों का ही फिटकरी का स्टॉक बचा है। उन्होंने कहा कि संयत्र में 18 मोटर पंपों में से 9 पंप बंद पड़े हैं। जिससे जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि फिटकरी रायपुर, नागपुर और महाराष्ट्र से मंगाई जा रही है। यदि समय पर इसकी आपूर्ति नहीं हुई तो जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक संकट में आ सकती है।

0 **राजनांदगांव।** सावन माह में बदलते मौसम के साथ ही विगत तीन-चार दिनों से दोपहर को तेज धूप का वातावरण है। जिससे लोग उमस भरी गर्मी से हलाकान हैं।

माय एंगल



# नेशनल हाईवे में बाइक को ट्रेलर ने मारी ठोकर, मां-बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेज गति एवं लापरवाही से भाग रही ट्रेलर ने गत दिवस देवादा के पास बाइक को ठोकर मार दिया। इस घटना में बाइक में सवार मां-बेटी की मौत हो गई। वहीं पिता व पुत्र घायल हो गए। जिनका उपचार निजी चिकित्सालय में जारी है।

घटना सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को दोपहर 12.30 बजे की बताई गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उतई थाना क्षेत्र के ग्राम माहकाखुर्द में रहने वाले वेदप्रकाश बंजारे अपने रिश्तेदार के घर शोक कार्यक्रम में शामिल होने धौराभाठा जा रहे थे। बताया गया कि वेदप्रकाश बंजारे 35 वर्ष के साथ बाइक में उनकी पत्नी राजकुमारी बंजारे 27 वर्ष, बेटी आराध्या बंजोर 6 वर्ष और बेटा गौरित बंजारे 4 वर्ष सवार थे।

### लगातार हो रहे हादसे

नेशनल हाईवे में बीते कुछ महीने के भीतर लगातार सड़क हादसे देखने को मिल रहे है। बड़ी बात यह है कि इन हादसों में अधिकांश मामलों में दो पहिया वाहनों में सफर करने वाले लोगों की मौत हो रही है। बड़े वाहन की लापरवाही चाल भारी पड़ रही।

### पिता-पुत्र घायल

वे दोपहर करीब साढ़े 12 बजे देवादा के एक ढाबा के पास पहुंचे थे, तभी उन्हें पीछे से आ रही तेज रफ्तार व लापरवाही से भागती ट्रेलर ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सभी को गंभीर चोंटे आई थी। मौके से सभी को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल पहुंचा गया, जहां इलाज के दौरान राजकुमारी बंजारे और आराध्या बंजारे की मौत हो गई। इधर गंभीर रूप से घायल वेदप्रकाश और गौरित को भिलाई रिफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

## खबर संक्षेप

### आरएसएस ने मनाया गुरु पूर्णिमा

**सड़क अतरिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड छुईखदान अंतर्गत सड़क अतरिया मंडल के सिद्ध बाबा मंदिर प्रांगण घिरघोली में सोमवार को गुरू पूर्णिमा उल्लास से मनाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत प्रचारक अभय राम शामिल हुए। उन्होंने भारत के स्वर्णिम इतिहास के साथ गुरु शिष्य परंपरा पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम मे खंड संघ चालक चंद्रमणि चौबे, मुख्य अतिथि किशुन मिर्चे, मंडल कार्यवाह रोहित जंघेल, जिला प्रचारक सनत कुमार, जिला कार्यवाह कौशल लोधी सहित खंड कार्यवाह, सह खंड कार्यवाह आदि शामिल हुए।

### मनीष और दीपिका बने छात्र प्रमुख

**खड़गांव।** स्थानीय विद्या श्री विजडम स्कूल में शाला नायक, शाला नायिका और कक्षा प्रमुख का चयन किया गया है। इस वर्ष मनीष रावटे को शाला नायक तथा दीपिका टेकाम को शाला नायिका चुना गया है। इसी प्रकार कक्षा नर्सरी में प्राची सेन, जेनिल उर्वशा, केजी वन में दृष्टि भुआर्य, भौमिक पटेल, केजी टू में कनिका साहू, प्रताप साय, क्लास वन में ऋषभ सलामे, हिमांशी नेताम, क्लास टू में समीर कोला, देवीसा, क्लास थ्री में रौनक सिन्हा, खुशबू देवांगन, क्लास फोर्थ में प्रिंस रामटेके, हिमांशी कोडोपि, चंचल टेकाम, क्लास फाइव में संस्कृति सलामे, लक्ष्य सलामे, क्लास सिक्स में गगन रावटे, निधि भुवार्य, क्लास सेवन मे तन्मय देवांगन और तानिया सोनकर कक्षा नायक बने।

### चेस खिलाड़ी स्नेहा का दर्जा बढ़ा

**डोंगरगढ़।** एनआरसीए चैस अकादमी के संयोजक मतीन खान ने बताया कि संस्था की खिलाड़ी 16 वर्षीय स्नेहा हल्दर ने बैंकाक में आयोजित अंतराष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा में टॉप टेन खिलाड़ियों में जगह बनाने में सफल हुई है। स्नेहा भारत की टॉप तीस महिला खिलाड़ियों में शामिल हो चुकी है। वह अनेक खिताब जीत चुकी है। अब वह शतरंज ओलिंपियाड की टीम में जगह बनाने और पदक जीतने की तैयारी में है। उसे आरबी रमेश, चोला चेस, कुचिना चेस फाउंडेशन,पीवी रवि कुमार, रोटरी क्लब, सारा बांग्ला चैस एसोसिएशन,अखिल भारतीय शतरंज एसोसिएशन का मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

### शिविर में समस्याओं का समाधान

**डोंगरगढ़।** वार्ड 23 शिवाजी में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधार कार्ड संबंधी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन पालिका सभापति सुमित ताम्रकार की पहल पर किया गया। शिविर में 6 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन एवं अपडेट के साथ नाम, जन्मतिथि और पते में संशोधन जैसी विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। इस अवसर पर मधुलिका सेंगर, पल्लवी यादव, देवी सोनकर, शकुन साहू, प्रकाश शर्मा, विनय यदु, राजेंद्र राजपूत आदि उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया

**डोंगरगढ़।** राष्ट्र सेविका समिति ने गुरु पूर्णिमा उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती, मुख्य वक्ता डॉ. इंदुमती मिश्रा तथा नगर कार्यवाहिका वैशाली देशकर थी। सर्वप्रथम प्रतिभा वर्मा ने भगवा ध्वज आरोहित किया। तानी सिंह ने प्रार्थना करवाई। श्लोक इतिका साहू, एकल गीत प्रतिभा वर्मा एवं सांघिक गीत शांतिदेवी विश्वकर्मा ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रेवती ने गुरु की महिमा के बारे में बताया। मुख्य वक्ता श्रीमती मिश्रा ने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से गुरु की श्रेष्ठता प्रतिपादित किया। अंत में बबीता साहू ने आभार व्यक्त एवं संचालन झुम्पा मंडल ने किया।

### ग्रामीणों से समस्याओं पर चर्चा

**डोंगरगढ़।** बोरतलाव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं की समस्याओं, सुझावों एवं मांगों को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। किसानों ने बताया कि खाद के बढ़ते दामों और पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से खेती प्रभावित हो रही है। वही डीजल, बीज, कीटनाशक एवं अन्य कृषि सामग्री के महंगी होने से कृषि लागत बढ़ गई है। श्री लोधी ने किसानों को होने वाले नुकसान को देखते हुए राहत पहुंचाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### प्लांट स्थापना का विरोध

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बोईरडीह में प्रस्तावित बायोगैस प्लांट के विरोध में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं एवं चिंताओं को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि बायोगैस प्लांट स्थापित होने से पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं कृषि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। जहां निर्माण होना है वह चारागाह के लिए एक मात्र जगह है। विधायक ने ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए आश्वस्त किया कि बोईरडीह में बायोगैस प्लांट नहीं खुलने दिया जाएगा। इस दौरान हरीश देशमुख, मोहनीश धनकर, शुभम पांडे आदि उपस्थित थे।

### रामदुलारी मिश्रा का निधन

**छुईखदान।** नगर की सेवानिवृत्त शिक्षिका रामदुलारी मिश्रा का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह ऐश्वर्य मिश्रा, राजेश मिश्रा और शिवानी मिश्रा की माता जी थीं। श्रीमती मिश्रा शिक्षा के साथ सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रही है। परिजनों के अनुसार दो दिन पूर्व उनके छोटे भाई का भी निधन हो गया था।

## नगर अध्यक्ष ने कलेक्टर को अवगत कराया समस्याओं से

# सुविधाओं के विस्तार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर विकास को गति देने के लिए कलेक्टर तुलिका प्रजापति से भेंट कर सहयोग एवं अनुदान दिलाने की मांग रखी। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने नागरिको के हित एवं सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने कलेक्टर को बताया कि राजनांदगांव से मानपुर स्टेट हाईवे का निर्माण प्रगति पर है। निर्माण के तहत नगर में डिवाईडर, नाली निर्माण प्रस्तावित है। उन्होंने इसे नगर के प्रवेश द्वार वार्ड क्रमांक एक व दो मेरेगांव नगर में कन्या शिक्षा परिसर या नालंदा परिसर के सामने से कराने की मांग की। उन्होंने डिवाईडर व नाले के साथ सडक के दोनो ओर पाथवे एवं प्रकाश सुविधा दिलाने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि स्टेट हाईवे में डिवाईडर एवं नाली का निर्माण किया जाता है तो नागरिकों को काफी सुविधाए

### शासन से दिलाएं अनुदान

अध्यक्ष ने बताया कि मुक्तिधाम के लिए वार्ड 14 में दो एकड भूमि प्रदान किया गया है लेकिन अब तक निर्माण के लिए अनुदान नही मिला है। यहां हिंदू संप्रदाय के लोग अंतिम संस्कार मिटटी देकर करते है जिन्हे मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अहाता, शेड सहित अन्य कार्यो के लिए अनुदान दिलाने की मांग रखी। इसी क्रम में अस्पताल- आईटीआई पहुच मार्ग पर नाला एवं सडक निर्माण की मांग रखी।

### डीएमएफ मद से मांगा स्वर्गरथ वाहन

अध्यक्ष ने डीएमएफ मद से स्वर्ग रथ वाहन, कान्हे प्राथमिक शाला एवं वार्ड 14 प्राथमिक शाला में किचन शेड निर्माण की मांग रखी। उन्होंने बताया कि मृतकों को मुक्तिधाम ले जाने के लिए वाहन सुविधा नही है। मृतको को मुक्तिधाम ले जाने के लिए नागारिकों को परेशानियो का सामना करना पडता है। उन्होंने नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए निकाय को डीएमएफ मद से मुक्ताजंली वाहन प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने नगर विकास के विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ की मांग

दंतेश्वरी मंदिर पहाड़ी एवं मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से भेंट कर अनुदान उपलब्ध कराने की मांग की है।

श्री मानिकपुरी ने गुरूवार को पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से भेंट कर उन्हे बताया कि जिले में कई ऐसे ऐतिहासिक स्थल है जिसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आमागढ़ गुफा, मोगरा बराज, पांडव गुफा, ओटेबांधा हनुमान मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने दंतेश्वरी पहाड़ी सौंदर्यीकरण के लिए 1 करोड का प्रस्ताव सौंपा। उन्होंने बताया कि सौंदर्यीकरण होने से युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा तथा दर्शनार्थियों को सुविधाएं प्राप्त होगी।

### पर्यटन स्थल बनाने की मांग

मंत्री श्री अग्रवाल से भेटकर नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि आमागढ पहाडी और गुफा में वनवासियो की अराध्य मां अंबेश्वरी, मां आमागढहीन विराजमान है। इस गुफा को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं। उन्होंने मोगरा बराज को भी पर्यटन केन्द्र बनाने की मांग की।

### मंत्री को दिया चौकी आने का न्यौता

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने मंत्री श्री अग्रवाल को अंबागढ़ चौकी आने का न्यौता दिया। मंत्री श्री अग्रवाल ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि वह जिला का भ्रमण करेंगे एवं उनकी मांगो का परीक्षण करा कर जनाकांक्षाओं के अनुरूप निर्णय लेंगे।

## ऊपर मंदिर के गुंबज का जीर्णोद्धार अंतिम चरण पर

- नए कलश की होगी स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी ऊपरी मंदिर के गुंबज का जीर्णोद्धार कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। गुंबज के इस कार्य के पूर्ण होने के बाद नए कलश एवं ध्वजदंड की विधिवत स्थापना की जाएगी।

जानकारी के अनुसार शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच गुंबज पर वर्षों से स्थापित पुराने स्थित कलश को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद सुरक्षित रूप से उतारा गया। इसके पश्चात जीर्णोद्धार किया दिया जा रहा है। यह कार्य पूर्ण होने के बाद नए कलश और ध्वजदंड की स्थापना कर मंदिर के शिखर को पुनः भव्य रूप दिया जाएगा। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अनुसार यह कार्य शास्त्रोक्त विधि-विधान के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि मंदिर की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक गरिमा बनी रहे।

इस अवसर पर चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, पीतांबर स्वामी, बबलू शांडिल्य, नितिन हरिप्रसाद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, महेंद्र पटेल, हरीश भंडारी, संजय श्रीवास्तव, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, गोपालचंद चोपड़ा, सुषमा कोठारी, अधिवक्ता महेंद्र परिहार एवं अन्य मौजूद थे।

### आचार्य राय के योगदानों को किया याद

**डोंगरगढ़।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, विशेष साहू, अमित शुक्ला, स्मृति पांडे, नरेश सिंहा, ओमप्रकाश महोबिया, प्रदीप सिंहा ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। श्री राय के जीवन पर आधारित गीत, कहानी, कविता आदि टीकम वर्मा, मोहित साहू, प्रियांशु सहारे, प्रेरणा सिंहा, तोषित साहू, लीना जंघेल, थानेंद्र सेन, विवेक ताम्रकार, और ऋषभ वाल्दे ने प्रस्तुत किया। विद्यालय के बच्चों ने पोस्टर, विज्ञान मॉडल, रंगोली चित्रकला आदि प्रस्तुत किए। आचार्य अमित शुक्ला ने श्री राय की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विशेष साहू, थैलेश साहू, सुरेश वैष्णव ने विभिन्न खोज के बारे में बताया। संचालन पूर्व डडसेना, लक्ष्मीकांत सोनकर, याशिका भारद्वाज, दीक्षा ठाकुर, राशि सिन्हा और दीपेश लिल्हारे ने किया।

## सेप्टिक टैंक के निर्माण पर रोक

**डोंगरगढ़।** एसडीएम विकास कुमार के मार्गदर्शन में प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए मुसरा कला स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप बन रहे सेप्टिक टैंक के निर्माण को बंद करा दिया है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के समीप ही सेप्टिक टैंक बनाया जा रहा था। टैंक के निर्माण से भूजल के दूषित होने की आशंका थी। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने राजस्व अमले को भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराया। जांच के बाद निर्माण बंद कराते हुए अन्य जगह बनाने के निर्देश दिए गए।

# एकता से ही समाज का विकास : अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संगठनात्मक जनजागरण अभियान अंतर्गत अग्रवाल सभा के तत्वावधान में स्वागतम होटल में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री संजय अग्रवाल ने संगठन की एकता, सदस्यता विस्तार, सामाजिक समरसता एवं स्थानीय इकाइयों को सशक्त बनाने पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी स्थानीय अग्रवाल सभा में निहित है। प्रत्येक अग्रबंधु को अपनी स्थानीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष को सम्मान देना चाहिए तथा अग्रसेन भवन को समाज की सभी गतिविधियों का केंद्र बिंदु मानकर निर्णयों एवं निर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब समाज एक मंच, एक नेतृत्व और एक दिशा में संगठित होकर कार्य करेगा, तभी समाज में एकता स्थापित होगी तथा सामाजिक, संगठनात्मक और राजनीतिक स्तर पर प्रभावशाली पहचान बनेगी।

बैठक का आयोजन प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। बैठक में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, पूनम बिंदल, रितेश पचेरीवाल, अनुपम अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, नवदीप अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, प्रकाश मांगीलाल अग्रवाल, गिरधारी मेहाड़यि, कन्हैया गुरुजी, प्रकाश बिंदल, महेश अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, गणेश नरेड़ी आदि शामिल हुए। सर्वसम्मति से प्रकाश बिंदल को चौपाल कार्यक्रम का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

### बैठक में कई संकल्प पारित

बैठक में मांगलिक अवसरों पर भगवान श्री अग्रसेन के चित्रयुक्त चाँदी के सिक्कों का उपयोग, युवक-युवतियों का विवाह 25 वर्ष तक संपन्न कराने जनजागरण अभियान चलाने, विवाह एवं अन्य मांगलिक अवसरों के दौरान सड़कों पर महिलाओं एवं बालिकाओं के नृत्य-गान पर प्रतिबंध, प्री-वेडिंग शूट की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने का संकल्प पारित किया गया। बैठक में सभी राष्ट्रीय निर्णयों को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाने तथा सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों एवं संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करने के लिए जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

### सामाजिक गतिविधियों पर चर्चा

बैठक में आगामी गतिविधियों, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार, समाजहित के विविध विषयों तथा स्थानीय इकाई को सक्रिय एवं सशक्त बनाने आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की कार्यसमिति द्वारा पारित संकल्पों पर भी चर्चा की गई। अध्यक्ष श्री अग्रवाल के नेतृत्व में भी राष्ट्रीय निर्णयों का अनुमोदन करते हुए प्रभावी ढंग से लागू करने का संकल्प लिया।

### अंडरब्रिज निर्माण की मांग

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़- कटघोरा रेल परियोजना को स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया है। रेल लाईन विस्तार की लंबे समय से मांग चल रही थी। मंजूरी मिलने के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही निर्माण भी शुरू हो जाएगा। नागरिकों का कहना है कि परियोजना का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूरा होना चाहिए, ताकि इसका लाभ लोगों तक जल्द मिल सके। इसी बीच स्टेशन पारा, चिखली अंडरब्रिज का मुद्दा भी चर्चा में आ गया है। रेलवे लाइन के दोनों ओर निवास करने वाले लोगों को वर्षों से आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि अंडरब्रिज के अभाव में उन्हें जोखिम उठाकर ट्रैक पार करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नागरिकों ने स्टेशन पारा, चिखली अंडरब्रिज की मांग की गई है।

## महासभा की बैठक में विकास पर गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा की डोंगरगढ़ इकाई की बैठक गत दिनों आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, जयनारायण सिंह, रामनारायण सिंह, अजयसिंह परिहार तथा आरएन सिंह शामिल हुए।

शुभारंभ और स्वागत के बाद डोंगरगढ़ इकाई के संस्थापक स्व पीपी सिंह को याद किया गया। इस दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के पुरुष एवं महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। संयोजक रामाकांत सिंह ने लंबित राजपूत भवन की जानकारी दी। संरक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने संगठन की एकजुटता, शक्ति और सामाजिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला। संरक्षक महेंद्र सिंह परिहार ने समस्याओं के समाधान में सहयोग का भरोसा दिलाया। संरक्षिका शीला सिंह गहरवार ने मातृशक्ति की भूमिका और समाज निर्माण में योगदान पर अपने विचार रखे।

इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष राधा सिंह, मिताली सिंह ने अपने विचार रखे। जिला संरक्षक श्री सिंह ने सामाजिक एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। महासचिव जय नारायण सिंह ने समाजिक उत्थान के प्रयासों पर बल दिया। विशाल सिंह परिहार ने 15 अगस्त के कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। अंत में रामाकांत सिंह ठाकुर ने आभार व्यक्त किया। संचालन योद्धा सिंह राठौर ने किया।

## खबर संक्षेप

### चौखा पाठ में हनुमान की पूजा अर्चना

**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर से महज 3 किमी की दूरी पर भड़भड़ी जंगल के पास स्थित चौखा पाठ जंगल में पंडरिया क्षेत्र के किसानों ने अपनी पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। क्षेत्र की किसानो द्वारा हर साल यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। पंडरिया वासियों का मानना है कि भगवान हनुमान की पूजा पाठ करने से सुख समृद्धि में वृद्धि होती है। फसल अच्छी होती है। बेहतर वर्षा होती है। कार्यक्रम में किसान समिति के संरक्षक और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष जेठू साहू, लेखाराम सोनी, अनिल नामदेव, नारायण शर्मा, गौकरण शर्मा, अशोक पटेल, दिनेश श्रीवास, संतोष पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए डॉ. दुबे सम्मानित

**छुईखदान।** वनांचल में अपनी सेवा दे रहे डॉ. संस्कार दुबे को चिकित्सक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। रायपुर स्थित होटल बेबीलोन में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉ. दुबे को श्रेष्ठ चिकित्सा सेवा के लिए सम्मानित किया। वह नगर के संजय दुबे के पुत्र हैं। वर्तमान में उनकी पदस्थापना ग्राम पंचायत गातापार नाका में है। डॉ. दुबे के सम्मानित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता दास, गिरिराज किशोर दास, देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक देशमुख, संजय शर्मा, नीलम वैष्णव, अनिल यादव, दीनदयाल यदु, रोशन कोसरे, कारण सिंह, अशोक चंद्राकर, शरद श्रीवास्तव, आदित्य देव वैष्णव, गजेंद्र महोबिया, रज्जु महोबिया, अनुराग सोनी, अमित महोबिया, दीपक वैष्णव, प्रवीण बक्शी, कैलाश शर्मा, सुधीर सिंह, डॉ मनीष बघेल, डॉ मुजाहिद हसन, विनय रामटेके, बृजेश ताम्रकार, विनोद पटेल आदि ने बधाई दी है।

### गौशाला में हरित अभियान

**डोंगरगढ़।** स्थानीय गौशाला समिति के तत्वावधान में पौधरोपण अभियान का आयोजन कर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ते तापमान और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधारोपण करना आवश्यक हो गया है। समिति ने नागरिकों ने पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करने का संकल्प करने का आव्हान किया है।

### वेतन के लिए बेजा उगाही की शिकायत

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक शाला बधियाटोला के कर्मचारियों द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरतालाब के 15 से अधिक शिक्षकों का माह जुलाई का वेतन भुगतान , वार्षिक वेतन वृद्धि जोड़ने और सीजी स्कूल पोर्टल में अवकाश अपडेट करने के लिए प्रति शिक्षक 300 रूपए की मांग करने की शिकायत मिली है। शिक्षकों द्वारा पैसा नहीं देने पर उनके वेतन आहरण पर रोक लगा दी गई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिम्मेदार कर्मचारी पर कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा ने कहा कि पहली बार देखा जा रहा है कि वेतन भुगतान के लिए राशि की मांग की जा रही है।

### मुख्य मार्ग का जीर्णोद्धार कराने की मांग

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रामकृष्ण कनौजिया ने तीज त्योहार और धार्मिक आयोजन को ध्यान में रख कर मुख्य मार्ग का जीर्णोद्धार कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में शहर में गोविंदोत्सव, गणेशोत्सव सहित अन्य धार्मिक आयोजन होंगे। सड़क के जर्जर होने और गंदगी से लोगों को परेशानी उठानी पडेगी। उन्होंने हाल में कुछ चौक चौराहो में भरे गए गढढो से होने वाली परेशानी की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए सभी मार्गो के गढढो को भरने की मांग की है।

### हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पहुंचे मां के दरबार

**डोंगरगढ़।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने परिजनों के साथ प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित थे। मंदिर आगमन पर श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने मुख्य न्यायाधीश एवं परिजनों का रीति-रिवाजों से स्वागत किया। पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति-चित्र, चुनरी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान सीपी मिश्रा, महेंद्र परिहार, बबलू शांडिल्य, गौतम चौपड़ा तथा अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे। देवी दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश ने धार्मिक परंपराओं, व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

## सीएम हेल्पलाइन : निराकरण में राजनांदगांव जिला अग्रिम

# किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज उपलब्ध: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 4 अगस्त को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सीएम जनदर्शन, पीजी एवं पीजीएन पोर्टल, जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत निराकरण में राजनांदगांव जिला अग्रिम स्थान पर है। आगे भी सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत सभी विभाग सक्रियतापूर्वक आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की तथा आवास निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम, एसडीएम राजनांदगांव गौतम पाटिल, एसडीएम डोंगरगांव अनिकेत साहू, एसडीएम डोंगरगढ़ विश्वास कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य को प्राथमिकता दें

कलेक्टर ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के कार्य को प्राथमिकता देते करें। जिले अब तक 6550 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाया जा चुका है। उन्होंने इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत रेडी टू ईट वितरण की स्थिति तथा आंगनबाड़ी भवन, बच्चों की ग्रोथ मानिटरिंग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में 99.71 बच्चों के ग्रोथ मानिटरिंग की गई है। कलेक्टर ने सुशासन तिहार, ई-ऑफिस के लंबित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य प्रतिष्ठानों में डेयरी एनालॉग के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड अंतर्गत क्लेम के लिए कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर, आभा आईडी, आपार एण्ट्री, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उद्योग विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य, राजस्व एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने ई-ऑफिस एवं सुशासन तिहार के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त योजना के कियान्वयन में तेजी लाएं।

### ली जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की महती योजना है। उन्होंने इस योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना अंतर्गत जनसामान्य को शासन द्वारा सब्सिडी दी जा रही है तथा बिजली बिल शून्य करने में यह योजना कारगर साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि विगत 20 दिनों में लगभग 20 हजार किसानों का एग्रीस्टेक बकेट क्लेम किया गया है। विभिन्न तकनीकी कारणों जिनमें राजस्व संबंधी अन्य ग्राम में जमीन होना, पर्ची, आधार कार्ड में त्रुटि होने के कारण तकनीकी दिक्कत आ रही है। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष छूटे हुए किसानों के प्रकरणों का निराकरण करते इस कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, अविवादित नामांतरण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, उर्वरक भंडारण एवं वितरण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को खेती, किसानी के दिनों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता होनी चाहिए।

## पीएम सूर्यसभा, पंचायत सचिवों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर के निर्देशानुसार व जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल के मार्गदर्शन में ब्लाक के देवारीभाठ स्थित जिला पंचायत प्रशिक्षण केंद्र में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत खैरागढ़ छुईखदान ब्लाक के पंचायत सचिवो को जानकारी देने पीएम सूर्यसभा का आयोजन किया गया।

सूर्यसभा दौरान योजना की पात्रता, आवेदन और स्थापना की प्रक्रिया सहित योजना से प्राप्त होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदान की गई। साथ ही उपस्थित सचिवों को अपने-अपने ग्रामों में जनसंपर्क कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित व जागरूक करने आवश्यक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन दिया गया। सीएसपीडीसीएल कार्यपालन अभियंता एके दुबे के विशेष सहयोग से आयोजित सूर्यसभा मे विद्युत विभाग के सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित अधिकृत वेंडर भी उपस्थित रहे। उन्होंने योजना से जुड़े तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। सभा दौरान ही दस हितग्राहियो ने पंजीयन फार्म भरवाया। विद्युत विभाग ने लोगो से अपील की है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाएं, विद्युत व्यय में कमी लाने के साथ-साथ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे।

# ज्ञानेश्वरी यादव ने बढ़ाया प्रदेश का मान : भाजयुमो

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता इसका उदाहरण राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेवरी यादव ने राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतकर साबित कर दिया है। जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने प्रदेश का मान बढ़ाने वाली बेटी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सम्मान है।

महिलाओं की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में कुल 199 किलोग्राम वजन उठाकर ज्ञानेश्वरी ने न केवल देश के लिए पदक जीता, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि प्रदेश के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी। आयश सिंह ने सीएम साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व वाली भाजपा की राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को हरसंभव मदद पहुंचा रही है। उनके 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि व आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने की घोषणा से प्रदेश के युवाओं में खेलों को लेकर रुचि बढ़ेगी। उनकी सफलता युवाओं विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री बोनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मातृशक्ति को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दे रही है जिससे महिलाएं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के अधिक-से-अधिक खिलाड़ी आलोंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई गेम्स और अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में तिरंगा लहराकर देश और प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन करें। ज्ञानेश्वरी यादव की उपलब्धि इस दिशा में नई पीढ़ी का आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करेंगी। आयश सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञानेश्वरी भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश प्रदेश का नाम विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगी।

# बागुर में सुरही नदी पर बनेगा एनीकट

## जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के विकास को एक नई दिशा देते हुए क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को शासन स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के क्षेत्र क्रमांक 4 अंतर्गत आने वाले बागुर स्थित सुरही नदी पर एनीकट-कम-कॉजवे निर्माण के लिए सरकार ने 10 करोड़ 13 लाख रुपयों की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

पंचायत चुनाव के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों ने सुरही नदी पर एनीकट निर्माण की मांग को विक्रांत सिंह के समक्ष प्रमुखता से उठाया था। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने इस मांग को अपनी प्राथमिकताओं में रखते हुए सीएम विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और सांसद संतोष पांडेय से मुलाकात कर समस्या की गंभीरता से अवगत कराया था। इसी का सुखद परिणाम है कि शासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए इस वृहद् परियोजना के लिए 10 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर की है।

### जलस्तर सुधरेगा, 15 हेक्टेयर क्षेत्र में होगी सिंचाई

परियोजना के लाभों पर प्रकाश डालते हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताया कि सुरही नदी पर एनीकट-कम-कॉजवे का निर्माण होने से आवागमन सुगम होगा साथ ही क्षेत्र के जल प्रबंधन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। एनीकट से आसपास के इलाकों में भूजल स्तर में सुधार होगा व लगभग 15 हेक्टेयर कृषि भूमि को प्रत्यक्ष रूप से सिंचाई का लाभ मिलेगा। साथ ही ग्रामीणों और मवेशियों के लिए निस्तारी तथा पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा।

### स्वीकृति मिलने पर जताया आभार

गौरतलब है कि जिपं क्रमांक 4 का प्रतिनिधित्व संभालने के बाद से क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत हो रहा हैं। वर्ष 26-27 के बजट में भी भूर्भुसी और दनिया में पुलिया निर्माण व मुख्य मार्ग से ग्राम जोम तक सड़क निर्माण को शामिल किया गया है। बुंदेली में महतारी सदन का निर्माण हो रहा है साथ ही दनिया के सतनामी मोहल्ले में सीसी रोड, मजगांव में नाली निर्माण, चारभाठा, सिताडबरी व गर्रा में अवंती चौरा, जोम, सुराडबरी व बिरनपुर में शीतला और कर्मा मंच, मैनहर में शनि मंदिर, पथर्रा में मंच निर्माण का काम जारी है। इसी क्रम मे सुरही नदी पर करोड़ों रुपये की इस बहुप्रतीक्षित योजना की स्वीकृति मिलने पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडेय और जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार का आभार व्यक्त किया है।

# हरियाली के लिए रोपे गए पौधे, सुरक्षा का लिया संकल्प

**गंडई पंडरिया।** ग्राम पंचायत पैलीमेटा में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत वन महोत्सव का आयोजन किया गया। वनमंडल अधिकारी पंकज राजपूत के निर्देशन एवं उपवन मंडल अधिकारी अमृतलाल खूंटे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। स्वागत के बाद उपवनमण्डल अधिकारी श्री खूंटे ने अपने संबोधन में कहा कि वनों और पर्यावरण का संरक्षण हम सबका नैतिक दायित्व है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वह केवल पौधे ही न लगाएं, बल्कि उन्हे वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा करें। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा और जनपद सभापति मन्नू मरकाम ने हर घर में पौधे लगाने और देखभाल करने का संकल्प दिलाया।

### वन सुरक्षा के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की टीम ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को वनों की सुरक्षा, जैव विविधता, वनाग्नि की रोकथाम और अवैध कटाई रोकने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जामुन, गुलमोहर, सिंदूर, आंवला और कटहल आदि के 40 से 45 पौधे रोपे गए। इस आयोजन में आनंद पटेल, भीखू हिरवानी, आकाश जायसवाल, युवराज पटेल, कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### रोपणी पहुंचकर पौधों का किया निरक्षण

**डोंगरगढ़।** उपवन मंडल की रोपणी से निः शुल्क पौधा वितरण किया जा रहा है। बीते दिनों पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने रोपणी पहुंचकर पौधों का निरीक्षण किया।

### ज्ञानेश्वरी को जिपं अध्यक्ष ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में उनके शंकर नगर रायपुर स्थित निवास कार्यालय में जिले की बेटी एवं कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में रजत पदक जीतकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाने वाली ज्ञानेश्वरी यादव से राजनांदगांव जिला पंचायत के प्रतिनिधियों ने आत्मीय मुलाकात कर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत प्रतिनिधियों में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण अमर साहू, सभापति जागृति यदु, सभापति बिरम मंडावी, सभापति प्रशांत कोडापे व जिला भाजपा पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विस अध्यक्ष डॉ. सिंह की उपस्थिति में ज्ञानेश्वरी को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी गई।

# मन और स्वभाव की प्रकृति सुधरने से बाहर की प्रकृति स्वत: सुधर जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साइंटिस्ट, इंजीनियर्स एवं आर्किटेक्ट प्रभाग द्वारा ज्ञान मानसरोवर राजनांदगांव में 3 अगस्त को आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन विषयक कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आंतरिक चेतना के विकास का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में पानीपत से पधारे प्रख्यात राजयोगी भ्राता भारत भूषण ने कहा कि आज मानव ने अपने स्वार्थ और भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी दौड़ में प्रकृति का अत्याधिक दोहन किया है। इसका परिणाम यह है कि वही प्रकृति अब विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन के रूप में मानव को कष्ट पहुंचा रही है।

उन्होंने कहा कि केवल वृक्षारोपण, जल संरक्षण या प्रदूषण नियंत्रण जैसे बाहरी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। यदि मनुष्य वास्तव में प्रकृति से सुख, शांति और संतुलन प्राप्त करना चाहता है तो उसे सबसे पहले अपने मन और स्वभाव की प्रकृति को बदलना होगा। कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे राजयोगी भ्राता पीयूष ने कहा कि वर्तमान समय में विज्ञान और आध्यात्मिकता का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। हैदराबाद से पधारी राजयोगिनी अंजली दीदी ने पर्यावरण संरक्षण में प्रत्येक नागरिक की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### कार्यक्रम की प्रशंसा

मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। अभियंता संघ के अध्यक्ष इंजीनियर राजेश साहू ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। नन्हीं बालिका शिवांशी ने स्वागत नृत्य किया। माउंट आबू से पधारे धनंजय ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शपथ दिलाया। कार्यक्रम संचालन ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन ने किया। इस अवसर पर महेन्द्र साहू, विनोद पाण्डे, संजीव देवांगन, तरुण साहू, राकेश ठाकुर, अमलेन्दु हाजरा, प्रो कृष्णकुमार द्विवेदी, शिव वर्मा, प्रियंका कुरुंजरेकर, दिनेश भट्टर सहित अन्य लोग शामिल थे।

# अवैध मकान को हटाने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में जिले में अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में सड़क के मध्य अवैध रूप से निर्मित मकान को हटाने की कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार हीरालाल यादव द्वारा वार्ड क्र. 10 में सड़क के बीचों-बीच निर्माण कर सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण करने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होने तथा नागरिकों को असुविधा का सामना करने के संबंध में वार्डवासियों द्वारा शिकायत प्राप्त हो रही थी। प्राप्त शिकायत एवं स्थल निरीक्षण के उपरांत नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित व्यक्ति को व्यवस्थापन हेतु जगह उपलब्ध कराया गया है।

### कार्रवाई जारी रहेगी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ ने बताया कि नगर क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि, सड़क एवं नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करने तथा नगर की व्यवस्था एवं सौंदर्य बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सूर्य सखियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सौर उद्यमिता पर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी सूर्य सखी दीदियों का उत्साहवर्धन करते प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी सूर्य सखी दीदीयों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग, बैंक एवं एनआरएलएम से अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय लघु उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत चयनित 90 सूर्य सखियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर उद्यमिता पर 9 दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्टेट हाईस्कूल) राजनांदगांव में दिया गया। सखी संकुल संगठन सोमनी विक्रेता के रूप में पंजीकरण एलडब्ल्यू किया गया है। योजना के तहत सूर्य सखी दीदीयों द्वारा सोलर पैनल विक्रय और इंस्टालेशन का कार्य किया जाएगा।

### हरिहारनो को सेवानिवृत्त होने पर दी बिदाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात शासन नियमों के तहत सेवानिवृत्त होने पर सहायक राजस्व निरीक्षक राजकुमार हरिहारनो को नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में सम्मानपूर्वक बिदाई दी गई। आयुक्त ने श्री हरिहारनो को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया। बिदाई समारोह में आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि 27 साल सेवा देकर आज राजकुमार सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं कर्मठता से निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में सेवा देकर इनकी राजस्व कर वसूली बहुत अच्छी रही। इन्होंने डिमांड के विरूद्ध शत-प्रतिशत वसूली भी किया है और हर वित्तीय वर्ष में 80 प्रतिशत वसूली लाए हैं। आज अपने सर्विसकाल के अंतिम दिन तक विभागीय कार्य का कुशल सम्पादन करने पर बधाई देता हूं।

### बीज उत्पादन से बढ़ेगी किसानों की आय, 15 तक कराएं पंजीयन

# धान के बीज उत्पादन में किसानों को मिलेंगी 3500 से 3700 रुपए

## किसानों को जोड़ने चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड के प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव द्वारा खरीफ वर्ष 2026 के लिए किसानों को बीज उत्पादन से जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बीज उत्पादन कार्यक्रम से जुड़ने वाले किसानों को सामान्य उपज की तुलना में अधिक उपार्जन मूल्य एवं समय पर भुगतान की सुविधा मिलेगी। जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

राज्य मुख्यालय द्वारा प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव को खरीफ 2026 के लिए कुल 705.16 हेक्टेयर क्षेत्र में बीज उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसमें धान 636.16 हेक्टेयर, अरहर 45 हेक्टेयर, उड़द 10 हेक्टेयर, मूंग 5 हेक्टेयर, सोयाबीन 2 हेक्टेयर तथा सन 7 हेक्टेयर शामिल हैं। वर्तमान तक 100 हेक्टेयर धान क्षेत्र का पंजीयन किया जा चुका है। प्रमाणीकरण संस्था रायपुर द्वारा बीज उत्पादन पंजीयन की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक कृषक निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

### 80 प्रतिशत भुगतान तत्काल किया जाएगा

निगम द्वारा पंजीकृत कृषकों को मानक अनुरूप स्वीकृत बीज के उपार्जन मूल्य का 80 प्रतिशत भुगतान तत्काल किया जाएगा। जिससे किसानों को आर्थिक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त निगम द्वारा बीजों के संसाधन (प्रोसेसिंग) की पूरी प्रक्रिया संबंधित कृषकों की उपस्थिति में कराई जाएगी। किसानों को पूर्व सूचना देकर प्रक्रिया केन्द्र में आमंत्रित किया जाएगा, ताकि वे स्वयं अपने बीजों की संसाधन प्रक्रिया देख सकें। इस व्यवस्था से निगम की कार्यप्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता बनी रहेगी तथा किसानों का विश्वास और अधिक मजबूत होगा। प्रक्रिया केन्द्र राजनांदगांव ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे 15 अगस्त से पूर्व बीज उत्पादन कार्यक्रम में पंजीयन कराकर अधिक उपार्जन मूल्य, अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि, समय पर भुगतान एवं पारदर्शी बीज उपार्जन व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अपनी आय में वृद्धि करें।

### दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

किसानों को प्रोत्साहित करने अनाज वर्ग की फसलों पर 500 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त कृषक प्रोत्साहन राशि तथा दलहन एवं तिलहन वर्ग की फसलों पर 1000 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त कृषक प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसके अनुसार धान (मोटा) का उपार्जन मूल्य 3550 रुपए प्रति क्विंटल, धान (पतला) का 3711 रुपए प्रति क्विंटल, धान सुगंधित का 4721 रुपए प्रति क्विंटल, कोदो, रागी एवं कुटकी का 5761 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। वहीं सोयाबीन का 8033 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द का 10050 से 11000 रुपए प्रति क्विंटल, मूंग का 11018 रुपए से 12057 रुपए प्रति क्विंटल, तिल (सफेद) का 12471 रुपए प्रति क्विंटल, रामतिल का 11392 रुपए प्रति क्विंटल, कुल्थी का 6750 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली का 10500 रुपए प्रति क्विंटल तथा सन का 6000 रुपए प्रति क्विंटल उपार्जन मूल्य निर्धारित किया गया है।

# सप्ताहभर में राजस्व वसूली में आई तेजी

**राजनांदगांव।** राजस्व विभाग की सप्ताहिक समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने वसूली की वार्डवार जानकारी लेकर एक सप्ताह में अच्छी वसूली लाने सभी राजस्व प्रभारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वसूली करने से हम शत-प्रतिशत राजस्व वसूली कर सकते हैं।

आयुक्त ने बैठक में कहा कि वर्तमान में वार्डों में पट्टा सर्वे किया जा रहा है। इसमें अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के बावजूद इस सप्ताह अच्छी वसूली प्राप्त हुई। इसके लिए सभी राजस्व प्रभारियों को बधाई। इसी प्रकार टीम भावना से प्लानिंग कर कार्य करें, तो अच्छा रिजल्ट प्राप्त होगा और हम इस वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस माह मेरे आने के बाद लगभग 20 दिन में 1.50 करोड़ से अधिक की वसूली प्राप्त हुई, जो कड़ी मेहनत का परिणाम है।

### किया पुरस्कृत

आयुक्त ने एक सप्ताह में 10 लाख से अधिक की वसूली के लिए क्रमशः राजकुमार हरिहारनो, दीपांकर गुरू एवं विवेक उईके को पुरस्कृत किए और कम वसूली करने वाले राजस्व प्रभारी को इन्हीं की तरह वसूली करने समझाईस दिए। राजस्व अधिकारी मोबिन अली ने कहा कि नए दर के अनुसार डिमांड तैयार हो गया है। शेष बचे डिमांड जल्द तैयार करने निर्देशित करते कहा कि डिमांड के अनुसार करदाताओं को बिल बांटे और उसके अनुरूप वसूली करना सुनिश्चित करें।

# महापौर मधुसूदन ने पानी, सफाई व निर्माण कार्य का लिया जायजा

- महापौर पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मूलभूत सुविधा बिजली, पानी व सफाई का हाल जानने महापौर मधुसूदन यादव शनिवार सुबह वार्ड नंबर 23 के लालबाग, महेन्द्र नगर, प्रभात नगर में वार्ड पार्षद एवं राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा के साथ पैदल भ्रमण कर साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर वार्डवासियों से रूबरू होकर पानी व सफाई के संबंध में चर्चा की।

लालबाग में चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लेकर महापौर श्री यादव ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे अच्छा काम हो और क्षेत्रवासियों को उसका लाभ मिल सके। गली नं. 8 एवं वाईडनियर स्कूल के पीछे व महेन्द्र नगर में नाली निर्माण की मांग पर वार्डों में विकास कार्य कराने शासन द्वारा स्वीकृत राशि से प्राथमिकता तय कर नाली निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य की सतत मानिटरिंग करने संबंधित इंजीनियर को निर्देशित किया।

महेन्द्र नगर व प्रभात नगर वासियों द्वारा पानी भरान से निजात दिलाने तथा सफाई कर्मी कम होने से ठीक से सफाई नहीं होने पर सफाई कर्मी बढ़ाने की मांग पर महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि कार्यरत कर्मचारियों से प्रतिदिन निर्धारित समय तक सफाई कराएं और सप्ताह में गैंग लगाकर भी सफाई कराना सुनिश्चित करें। अत्याधिक बारिश में पानी भरान की स्थिति से निपटने नाली में सुचारू बहाव के लिए नाली का ढाल ठीक करने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए तथा लिकेज पाईप लाइन की मरम्मत करने कहा।

### शेड लगाने की मांग पर दिया आश्वासन

उन्होंने वार्डवासियों से कहा कि पानी भरान क्षेत्रों से समुचित पानी निकासी के लिए नाला निर्माण करने शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसी प्रकार जगन्नाथ मंदिर में शेड लगाने की मांग पर जल्द कार्य कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उप अभियंता तिलकराज ध्रुव, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# एनबीआईएस में अलंकरण समारोह आयोजित

- ईशान तिवारी बने शाला नायक और साक्षी साहू बनी शाला नायिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शैक्षणिक सत्र 2026 -27 की गतिविधियों के संचालन हेतु अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में छात्र परामर्श परिषद की स्थापना की गई।

समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी के स्वागत पश्चात मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। शाला में नवनिर्वाचित शाला नायक-नायिका के साथ ही शाला में कार्यानुसार समस्त प्रभारियों को बैच पहनाया गया। ज्ञात हो कि शाला नायक व नायिका के चयन के लिए विधिवत चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया था। जिसमें मतगणना एवं साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर विजयी प्रत्याशी को यह स्थान प्राप्त हुआ है।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शाला के कक्षा बारहवीं के ईशान तिवारी तथा साक्षी साहू शाला नायक एवं नायिका बने। वहीं जूनियर शाला नायक एवं नायिका कक्षा पांचवीं के नैवेद्य कौशिक व मिशिका भवनानी बने। शाला में अनुशासन एवं खेल की जिम्मेदारी खेल प्रशिक्षक डॉ. विकास वैष्णव को दी गई। साथ ही अनुशासन के लिए जय जवरानी, विराट भारद्वाज, हिमशिखा साहू एवं खेल कप्तान सार्थक श्रीवास्तव को बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रभारी शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा तथा जिम्मेदारी प्रणय शर्मा, आर्यन मंगवानी, करमन कौर भाटिया व कनक पाल को दी गई। शाला के चार हाऊसों में भगत हाउस का प्रभार शिक्षिका खुशबू सिन्हा को तथा कप्तान भव्य पटेल, आरशी शर्मा व उपकप्तान यश सेंडे व हेलिशा उके को दिया गया। आजाद हाउस का प्रभार शिक्षिका श्रुति साहू तथा कप्तान अमन शर्मा, मेहुल पाल व उपकप्तान शिवांश भार्गव व माधुरी वर्मा को मिली। सुखदेव हाउस का प्रभार शिक्षिका मनीषा सोनी तथा कप्तान खुशल चोपड़ा, निशि बजाज व उपकप्तान पूर्वांश वर्मा व धारा वैष्णव बने। राजगुरू हाउस का प्रभार शिक्षिका दिप्ती श्रीवास्तव को तथा कप्तान वेदांत मारु व स्तुति सार्वा व उपकप्तान नेल मंधानी व प्रिशा कन्नौजे को बनाया गया।

### निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी

शाला की खबरों के लिए मीडिया का प्रभार शाला की हिंदी शिक्षिका रुचि श्रीवास्तव को दिया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी द्वारा निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते सौंपे गए कार्य को गति देने शुभकामनाएं दी गई। सभी सदस्यों द्वारा दिए गए अपने कार्यों के सफल संचालन के लिए शपथ दिलाई गई। प्राचार्य एकता गांधी के मार्गदर्शन में समारोह संपन्न कराया गया। अंत में आभार प्रदर्शन नितिन चौहान द्वारा किया गया। समारोह के अंत में पालकों के साथ चयनित प्रभारियों व छात्रों द्वारा शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

### विभिन्न क्लबों की स्थापना

शाला की अन्य गतिविधियों हेतु विभिन्न क्लबों की स्थापना की गई है। जिसमें हैरिटेज क्लब का प्रभार शिक्षिका स्वप्निल श्रीवास्तव, इको क्लब का प्रभार शिक्षिका देवयांशी कुलकर्णी, क्रिएटिव क्लब का प्रभार शिक्षिका सोनाली साहू के साथ कप्तान अमूल्या जैन व नव्या खंडेलवाल को बनाया गया। हैल्थ एंड वैलनेस क्लब का प्रभार शिक्षिका दिव्या देवांगन, रीडिंग क्लब का प्रभार शिक्षिका हरप्रीत कौर ग्रेवाल, असेंबली प्रभार शिक्षिका श्रिया राव व शिक्षक विकास दुबे, सीसीए का प्रभार शिक्षिका सुष्मिता मंडल के साथ शिक्षिका खुशबू साहू, शिक्षिका प्रियंका देवांगन व शिक्षिका लीना सिन्हा को सौंपी गई।

### मॉडल संकुल संगठन एवं सीएमटीसी का अवलोकन

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गाप्रसाद अधिकारी ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पदुमतरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत संचालित मॉडल संकुल संगठन एवं सीएमटीसी का अवलोकन किया। उन्होंने लखपति दीदी, कैडर व संकुल पदाधिकारी से चर्चा की और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा स्वसहायता समूह के 60 सदस्यों को 9 दिवसीय सोलर दीदी का प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है। उन्होंने संकुल एवं सीएमटीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने स्टेट हाईस्कूल पहुंचकर सोलर दीदियों से मुलाकात की। उन्होंने सोलर दीदियों से चर्चा की एवं उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सोलर दीदी के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक सोलर स्थापित कराएं।

### आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई। स्वीकृत सहायता अनुदान राशि का भुगतान राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में दिए गए प्रावधान अनुसार संबंधितों को भुगतान किए जाने हेतु तहसीलदार राजनांदगांव, डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव को उपलब्ध कराया गया है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व आंधी तूफान से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए एवं तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, डोंगरगढ़ तहसील अतिवृष्टि व आंधी तूफान से मकान आंशिक क्षति होने पर 8 हजार रुपए, अतिवृष्टि व आंधी तूफान से पशुकोठा क्षति होने पर 9 हजार रुपए, आग से मकान, कपड़ा, बर्तन आंशिक क्षति होने पर 31 हजार रुपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत खेत के डबरी पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

# जागरूकता, अधिकार और सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के सेमिनार कक्ष में गुरुवार को मेडिसीन विभाग एवं एआरटी सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स : जागरूकता, अधिकार और सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी का उद्देश्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, कर्मचारियों, इंटर्न, एमबीबीएस विद्यार्थियों तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को एचआईवी/एड्स की वैज्ञानिक जानकारी, संक्रमण से बचाव, मरीजों के अधिकारों एवं एचआईवी/एड्स एक्ट, 2017 के प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में एआरटी सेंटर के अधिकारी-कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों के नामांकित प्रतिनिधियों, नर्सिंग इंचार्ज, नर्सिंग स्टाफ, एमबीबीएस प्रशिक्षुओं एवं इंटर्न सहित लगभग 80 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मधुकर, विशिष्ट अतिथि डॉ. नेतराम नवरत्न तथा डॉ. पवन जेठानी उपस्थित रहे। डॉ. अल्पना लुनिया विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे। डॉ. मधुकर लुका ने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा तथा उनके प्रति सम्मानजनक एवं भेदभाव-रहित व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. नेतराम नवरत्न ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता बताते कहा कि इससे स्वास्थ्यकर्मियों का ज्ञान अद्यतन रहता है और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित होती है।

### जागरूकता को प्रभावी माध्यम बताया

डॉ. अल्पना लुनिया ने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ होने वाले सामाजिक एवं संस्थागत भेदभाव को समाप्त करने संवेदनशीलता एवं जागरूकता को सबसे प्रभावी माध्यम बताया। वैज्ञानिक सत्र में रमा पटेल ने एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के लिए संचालित शासकीय योजनाओं, उपलब्ध सेवाओं तथा एचआईवी/एड्स एक्ट, 2017 के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। भाग्यश्री ने एचआईवी संक्रमण की मूलभूत जानकारी, इसके फैलने के कारण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व को सरल एवं वैज्ञानिक ढंग से समझाया। डॉ. प्रकाश खूंटे ने सार्वभौमिक सावधानियां के महत्व पर प्रकाश डालते बताया कि प्रत्येक मरीज के उपचार के दौरान मानक संक्रमण नियंत्रण उपायों का पालन करने से एचआईवी सहित अन्य रक्तजनित संक्रमणों से प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। डॉ. नवीन कुमार तिर्की ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अश्विनी ने किया।

# स्थापना दिवस एवं कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी की स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर तथा पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने कहा कि कृषक प्रशिक्षण प्राप्त कर फल एवं सब्जियों का प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन करने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वर्तमान समय में केवल कृषि उत्पादन के साथ-साथ फल एवं सब्जियों का वैज्ञानिक कटाई उपरांत प्रबंधन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने धान के अलावा फसल चक्र में उद्यानिकी फसलों का समावेश करने कहा तथा युवाओं को व्यावसायिक खेती के लाभ के बारे में बताया।

अधिष्ठाता एवं प्रभारी कोर्डिनेटेड सेल पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सुरगी डॉ. विनम्रता जैन ने कहा कि प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से कृषि उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। ग्रामीण युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण अपनाने लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे किसानों की आय एवं रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। पं. शिवकुमार शास्त्री के पौत्र एवं समाजसेवी दिवाकर बाजपेयी ने पं. शिवकुमार शास्त्री को स्मरण किया एवं उनके कृषि क्षेत्र में योगदान के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने स्थापना दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजन के लिए महाविद्यालय को शुभकामनांए दी। कार्यशाला में किसानों, कृषक, महिलाओं एवं ग्रामीण युवाओं को अतिरिक्त आय सृजन हेतु फल-सब्जियों की कटाई उपरांत प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन द्वारा उद्यमिता एवं कौशल विकास विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कृषकों को प्रायोगिक तौर पर नेक्टर, पाईन एप्पल जूस, मुरब्बा, टमाटर सॉस, केचप, जैम एवं आरटीएस बनाना सिखाया गया।

### किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यशाला में रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं पान अनुसंधान केंद्र छुईखदान से प्राध्यापक (सब्जी विज्ञान) डॉ. बीएस असाटी ने टमाटर, मुनगा एवं पान से मूल्य-वर्धित उत्पाद बनाने की तकनीक के बारे में कृषकों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. अभय बिसेन एवं डॉ. एसपी शर्मा द्वारा फल एवं सब्जियों के कटाई उपरांत प्रबंधन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, भंडारण, गुणवत्ता नियंत्रण, विपणन एवं उद्यमिता विकास से संबंधित विभिन्न तकनीकी विषयों पर व्याख्यान एवं प्रदर्शन के माध्यम से व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। कृषकों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. नितिन तुर्रे, डॉ. एमके चंद्राकर, डॉ. शिवाजी लिमजे, डॉ. महेंद्र देशमुख, डॉ. पूजा साहू, डॉ. संतोष साहू सहित महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ शामिल हुए। कार्यशाला में राकेश मिश्रा ने प्रायोगिक प्रशिक्षण में वैज्ञानिकों का सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. डीपी चौधरी एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. अभय बिसेन द्वारा किया गया। कार्यशाला में बड़ी संख्या में कृषक, युवा शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### युगांतर के तीन छात्रों का चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के क्षितिज जिंदल, कार्तिकेय कुमार सिन्हा व आरूष गुप्ता ने सीबीएसई ईस्ट जोन जुडो चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। अंडर-19 आयु वर्ग में क्षितिज जिंदल ने प्रथम स्थान अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता और सीबीएसई नेशनल जुडो चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। सीबीएसई नेशनल चैम्पियनशिप आगामी 29 सितंबर से 4 अक्टूबर तक हरियाणा में आयोजित होगी। इसी तरह अंडर-17 आयु वर्ग में कार्तिकेय कुमार सिन्हा तथा आरूष गुप्ता ने तृतीय स्थान अर्जित कर कांस्य पदक जीता। यह प्रतिस्पर्धा 27 से 30 जुलाई तक महर्षि विद्या मंदिर टाटीबंध रायपुर में आयोजित हुई। इन छात्रों को पारंगत करने में कराटे कोच टुकेश्वर चंद्राकर का अमूल्य योगदान रहा। संस्था प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोठारी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) नरेंद्र कोठारी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई दी।

### 25 तक सेवा महोत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव।** महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिन के अवसर पर 1 से 25 अगस्त तक "सेवा महोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। छात्र युवा मंच द्वारा आयोजित इस अभियान का उद्देश्य जन्मदिन की खुशी को केवल पार्टी, घूमने-फिरने और मनोरंजन तक सीमित न रखकर उसे सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और समाजहित के रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। एल्डरमैन व छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु रक्तवीर, प्रदेश अध्यक्ष अगेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष साहिल जंघेल एवं शहर अध्यक्ष भव्य देवांगन ने बताया कि आज समाज में कई युवा ऐसे हैं, जो आर्थिक, सामाजिक अथवा व्यक्तिगत कारणों से अपना जन्मदिन नहीं मनाते। वहीं बड़ी संख्या में युवा जन्मदिन को केवल पार्टी, ढाबा या रेस्टोरेंट में जाकर मनाने तक सीमित रखते हैं। सेवा महोत्सव का उद्देश्य जन्मदिन को लेकर एक सकारात्मक और रचनात्मक जीवनशैली की प्रेरणा देना है। संगठन द्वारा 11 से 22 अगस्त तक विभिन्न विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम होंगे। सेवा महोत्सव का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक भी किया गया है। 15 अगस्त को ग्राम विष्णुपुर (खुर्शीपार) भागवत वर्मा तथा 25 अगस्त को ग्राम नागतराई डोंगरगढ़ झूलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएगी। वहीं 23 अगस्त को महापौर कार्यालय सिविल लाइन राजनांदगांव साहिल जंघेल, भव्य देवांगन के नेतृत्व में रक्तदान शिविर व विशेष सेवा कार्यक्रम रखा गया है।

### लाल बागेश्वरधाम में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**राजनांदगांव।** लालबाग स्थित शिव सेवा मंडल द्वारा 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सावन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आवतराम तेजवानी ने बताया कि कल सोमवार सुबह 5 बजे कावड़ यात्रा में भोले बाबा के भक्तों द्वारा मोहारा से जल यात्रा एवं सिंघोला महाकाल मंदिर के दर्शन कर लालबागेश्वर धाम में जल चढ़ाया गया। 11 बजे आचार्य द्वारा सामूहिक शिव बाबा का रुद्राभिषेक संगीतमय माध्यम से किया गया। शिव सेवा मंडल के सदस्य हरि तेजवानी एवं कमल चिचेरिया ने बताया कि 30 जुलाई से अनवरत रूप से सावन महोत्सव शुरू हो चुका है। जिसके तहत सुबह 8 बजे पार्थिव शिवलिंग एवं लालबागेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया जाता है एवं लाल बागेश्वर महादेव की भव्य महाआरती की जाती है। रात्रि 8 से 9 बजे शिव चालीसा का पाठ तथा महाआरती की जाती है। यह 28 अगस्त तक अनवरत चलेगा। बीच-बीच में सोमवार के दिन बड़े कार्यक्रम भी होंगे।

### शक्तिधाम में श्रद्धा और भक्ति से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**राजनांदगांव।** शहर के बाबुटोला स्थित शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया।

गुरुदेव हरीश यादव के सानिध्य में हुए आयोजन में गुरु पूजन से लेकर भजन-कीर्तन, सफाई अभियान, लेखनी सामग्री वितरण, भजन और वृक्षारोपण जैसे विविध कार्यक्रम शामिल रहे। सुबह 8.30 बजे शिष्यों द्वारा गुरुदेव का दुग्ध, गंगाजल, रोली, चंदन गुलाब से अभिषेक किया गया। तत्पश्चात में काली एवं अघोरेश्वर बाबा की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद गुरुपादुका पूजन और दोपहर 2 बजे तक गुरु पूजन दर्शन का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शिष्यों ने भाग लिया। इसी दौरान गुरुदेव हरीश यादव ने शिष्यों को गुरु दीक्षा भी प्रदान की। गुरुदेव श्री यादव ने वृक्षारोपण कर सभी को हरियाली और प्रकृति से जुड़ने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात वे बाबुटोला शासकीय स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यार्थियों को लेखनी सामग्री वितरित की और गुरु की महत्ता पर प्रेरणादायक संदेश दिया। इसके बाद वरिष्ठ शिष्यों द्वारा नवांगुक सदस्यों के लिए उद्बोधन कार्यक्रम हुआ, जहां अनुभवों और सेवा कार्यों को साझा किया गया।

### सरकार की निष्क्रियता से अटकी रही रेल लाइन

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने डोंगरगढ़ से कटघोरा होते हुए नई रेलवे लाइन के क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र

मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, वर्तमान सांसद संतोष पांडे तथा बिलासपुर के सांसद तोखनलाल साहू का आभार व्यक्त किया है। श्री राजपूत ने बताया कि सन 2018 में डोंगरगढ़ से कठघोरा रेल लाइन की घोषणा तत्कालिक सांसद अभिषेक सिंह के प्रयास से सितंबर 2018 में तत्कालिक केंद्रीय रेल मंत्री पियूष गोयल व छत्तीसगढ़ के तत्कालिक मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ अभिषेक सिंह की उपस्थिति में हुई और उक्त नई रेल लाइन का कवर्धा में भूमिपूजन किया गया था। भूमिपूजन के तुरंत बाद ही छत्तीसगढ़ प्रदेश के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार निर्वाचित हुई और भूपेश बघेल ने इस रेल योजना के मूल रेल पथ जो कि कवर्धा होते हुए कठघोरा जाने का है, इसमें से कवर्धा को योजना से हटाकर अन्यत्र घुमाने का प्रस्ताव किया, जिसे रेल मंत्रालय द्वारा अमान्य कर दिया गया था। 2023 में छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा सरकार के गठन पश्चात सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उक्त योजना को पुनर्जीवित करते 300 करोड़ का बजटकीय प्रावधान देकर इस महत्वपूर्ण योजना को पुर्बजीवित कर दिया।

## निधन

### श्रीमती देवलाबाई साहू

**राजनांदगांव।** ग्राम मोखला निवासी श्रीमती देवलाबाई साहू (98) का आज निज निवास मोखला में निधन हो गया। दिवंगत श्रीमती साहू बिसौहाराम साहू (सेवानिवृत्त एएसआई), पीलूराम साहू, कीर्तन साहू, देवघर साहू एवं रघुनंदन साहू की माताजी थी। उन्होंने अपने पीछे नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ा है। उनका अंतिम संस्कार सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में मोखला में कर दिया गया।

## तहसीलदार ने किया नामांतरण और पटवारी काटता रहा नक्शा

# टुकड़ों में रजिस्ट्री के जरिये वनांचल के सैकड़ों एकड़ खेत कालोनी में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला निर्माण के साथ ही भू-माफियाओं के लिए पसंदीदा हब बन चुके मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के जिला मुख्यालय में कृषि भूमि को अवैध रूप से आवासीय प्लाटिंग कर भोले-भाले लोगों को बेतहाशा दामों पर बेचते मोटा मुनाफा कमाने के सिलसिले के बीच ग्राम पंचायत मोहला के आश्रित ग्राम चिलमटोला में भू-माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग किए जाने की हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद से प्रशासनिक गलियारों, भू-माफियाओं और खरीददारों में हड़कंप मचा हुआ है।

इधर अवैध प्लाटिंग के खुलासे के बाद राजस्व विभाग अवैध प्लाटिंग के संबंध में उप पंजीयक तथा पटवारी से संपूर्ण जानकारी एकत्रित करने में जुटी हुई है। मोहला के भीतर बकायदा मुक्तिधाम तथा बाध के कब्जे के साथ बोर्ड लगाकर कृषि भूमि की प्रशासन के नाक के नीचे अवैध प्लाटिंग होती रही। अब तन रही बिल्डिंगों के साथ लोग बसने लगे हैं। अवैध कॉलोनी बसाए जाने के इस बड़े मामले में रजिस्टार टुकड़ों में करते रहा रजिस्ट्री, तहसीलदार नामांतरण और पटवारी काटता रहा नक्शा। इस गोरख धंधे से शासन को जहां लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं तमाम शासकीय नियमों को तार-तार कर दिया गया है।

### तहसीलदार और पटवारी की भूमिका भी संदेह के दायरे में

इस अवैध प्लाटिंग के मामले में संबंधित मोहला के तहसीलदार और हल्का पटवारी की भूमिका भी संदेह के दायरे में है, क्योंकि भूखंड के रजिस्ट्री होने के पश्चात तहसीलदार ने नामांतरण की कार्रवाई किया है। इसके साथ ही पटवारी ने मूल खसरे से नक्शा काटकर खरीददार के पक्ष में नया नक्शा तैयार किया है। अब यह सवाल उठता है कि तहसीलदार और पटवारी को अवैध प्लाटिंग की पूरी जानकारी होने के बाद भी उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो भू-माफियाओं के साथ सांठगांठ की ओर इशारा करता है।

### अवैध प्लाटिंग पर बसने लगी कॉलोनी

मोहला से लगे चिलमटोला में भू-माफिया हेमंत साहू और रेमंत देवांगन ने जिस कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग किया है, वहां अब कॉलोनी बसने लगी है। प्लाट खरीदने वाले लोग इस समय राजस्व विभाग की जांच और होने वाले कार्रवाई से अनभिज्ञ है। चिलमटोला के अवैध प्लाटिंग पर अपने जिंदगीभर की कमाई को दांव पर लगाकर मकान बनाने में जुटे हुए हैं। जबकि राजस्व विभाग अवैध प्लाटिंग को लेकर कभी भी वैधानिक एक्शन ले सकता है।

### पंचायत की अनुमति नहीं

मोहला ग्राम पंचायत के सचिव कुबेर चोरिया ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि ग्राम पंचायत मोहला के आधिपत्य क्षेत्र में आने वाले चिलमटोला में जिस कृषि भूमि पर लोग अवैध प्लाटिंग खरीदकर शॉपिंग काम्प्लेक्स, अपने सपनों का घर बनाने में लगे हैं। उस प्लाट के लिए ग्राम पंचायत मोहला ने किसी भी प्रकार से एनओसी नहीं लिया है। प्लाट खरीदने वाले लोगों ने बिना अनुमति ही मकान बनाना शुरू कर दिया है। जिससे स्थानीय ग्राम पंचायत निकाय को राजस्व का बेहद नुकसान हो रहा है।

### मिलता रहा ईनाम?

चिलमटोला सहित मोहला नगर में भू-माफिया धड़ल्ले से कृषि भूमि की अवैध प्लाटिंग जैसे गोरखधंधे को अंजाम दे रहे हैं और इधर उप पंजीयक कृषि भूमि के खसरों का छोटे-छोटे टुकड़ों का एक के बाद एक रजिस्ट्री कर भू-माफियाओं का साथ देने में जुटे रहे। सूत्रों की माने तो उप पंजीयक को प्रति रजिस्ट्री भू-माफिया मुंह-मांगा मोटी रकम देते है? जिसे मोहला भू-रजिस्ट्री के दुनिया में ईनाम के नाम से जाना जाता है।

### बिजली विभाग की भूमिका भी संदिग्ध?

मोहला चिलमटोला में भू-माफियाओं द्वारा जिस कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर अवैध कॉलोनी बसाया जा रहा है, उस प्लाट में बिजली विभाग ने बिजली के खंभे भी पहुंचा दिए हैं। बिजली विभाग पर सवाल खड़ा होता है कि अवैध प्लाटिंग और अवैध कॉलोनी पर बिजली कैसे पहुंचाया है? जबकि जिले के दूरस्थ वनांचल में लोग आज भी बिजली की एक किरण के लिए तरस रहे।

## छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में नशामुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान का जिला स्तरीय आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं माय भारत के सहयोग से किया गया। जिसमे कांफ्लुएंस कॉलेज के स्वयंसेवको ने नुक्कड़ नाटक किया एवं रैली का नेतृत्व करते सहभगिता दी। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी संबोधन का सीधा प्रसारण, शपथ ग्रहण एवं नशा मुक्ति रैली का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम शुभजीत डे माय भारत जिला युवा अधिकारी ने युवाओं को संबोधित करते कहा कि नशा मुक्ति ही विकसित भारत की नींव है और युवाओं को इसमें अग्रणी भूमिका निभानी होगी। मोनिका दास ने कहा कि स्वयंसेवियों का अनुशासन और समर्पण ही इस अभियान की सफलता का आधार है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि नशा मुक्त समाज ही विकसित भारत की नींव है और युवाओं की जागरूकता से ही यह संकल्प सफल होगा। प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि नशा मुक्त भारत का संकल्प ही राष्ट्र निर्माण की दिशा में पहला कदम है। प्रो. एसआर कन्नौजे ने कहा कि नशे से दूर रहकर ही हम अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगा सकते हैं। प्रो. राजकुमारी धुर्वा ने कहा कि नुक्कड़ नाटक और रैली जैसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने के प्रभावी साधन हैं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# छात्रों को नशामुक्ति का दिलाया संकल्प

**मोहला।** ग्राम विचारपुर में चिल्हाटी पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाते छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। इस दौरान यातायात नियम, नवीन कानून के प्रति भी जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी नोहरलाल मंडावी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक संजय मेरावी के नेतृत्व में 4 अगस्त को शासकीय स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम विचारपुर में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### उत्साहपूर्वक लिया भाग

कार्यक्रम में लगभग 500 छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यालयीन स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, नशामुक्त जीवन एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित करना था।

### कानून की दी जानकारी

इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए सहित नवीन कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, यूपीआई फ्रॉड, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव के उपाय विस्तारपूर्वक बताए गए।

### सड़क सुरक्षा के प्रति रहे जागरूक

विद्यार्थियों को 18 वर्ष से कम आयु में मोटर साइकिल अथवा अन्य चार पहिया वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत युवाओं को शराब, गांजा, नशीले पदार्थ एवं अन्य मादक पदार्थों से दूर रहने, स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने प्रेरित किया गया। साथ ही क्षेत्र में आने वाले प्रवासी व्यक्तियों का सत्यापन कराने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

# चाकू की नोक पर लूट, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू की नोक पर लूट करने के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्रांतर्गत 3 अगस्त को प्रार्थी राजेन्द्र कुमार निवासी गांधी चौक दीवानपारा ने थाना लालबाग में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ऑटो से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य करता है। 3 अगस्त को लगभग दोपहर 2.10 बजे पेण्ड्री स्थित मंदिर के पास लघुशंका के लिए रूका था। उसी दौरान लाल रंग की एक्टिवा में सवार चार युवकों ने उसे घेर लिया। एक आरोपी ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। जबकि अन्य आरोपियों ने उसकी जेब से 500 रुपए नगद, 1 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं ड्राइविंग लाइसेंस लूटकर फरार हो गए।

### चोरी का सामान बरामद

आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, एक्टिवा वाहन, लूटी गई नकदी रकम 500 रुपए, 1 मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक रमेश पटेल, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव, अश्वनी यद्दु, आरक्षक राकेश धुर्वे एवं कमल किशोर यादव का विशेष योगदान रहा।

### आरोपी पकड़े गए

प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेहियों की घेराबंदी कर संदेही दिगम्बर साहू, अजय ठाकुर, सुजल साहू एवं धनश्याम खरे उर्फ धनशु को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## पाठ्य सामग्री वितरण...

**राजनांदगांव।** प्रांतीय अखण्ड ब्राम्हण समाज की महिला विंग ने स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रदान की।

# ऊर्जा को प्रवाहित होने देना ही बेहतर है : मुनि

- शरीर स्वाभाविक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जैन मुनि श्री सम्यकप्रभ सागर जी ने कहा कि तपस्या में बहुत बल होता है। तप से ऊर्जा का संचार होता है और इस ऊर्जा को प्रवाहित होने देना ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि शरीर स्वभाविक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, इसलिए कोई भी कोई कार्य करता है तो उसे करने देना चाहिए।

मुनिश्री ने स्थानीय जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन में कहा कि हम श्रावक की भूमिका में हैं तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जो जिस द्रव्य के रूप में है उसे वैसा ही रहने दें। उन्होंने कहा कि हम मंदिर जाते हैं तो वहां कई भिखारी मिलते हैं, किंतु आपने कभी किसी भिखारी को पूजा करते देखा है क्या? उन्होंने कहा कि शरीर स्वाभाविक रूप से प्रतिक्रिया देता है। मुनिश्री ने कहा कि श्रद्धा भीतर से उत्पन्न होती है। भीतर की कमी उपवास के माध्यम से दूर होती है। उपवास से शरीर को बाह्य रूप से नहीं, किंतु आंतरिक रूप से अवश्य आराम मिलता है। हमें सार बातें ग्रहण करनी चाहिए और बेकार की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का आहार ग्रहण किया जाता है, भीतर उसी प्रकार की विकृति उत्पन्न होती है। तप के साथ सुधार होता है। आपका पुण्य जितना प्रबल होता है, आपको उतना ही लाभ मिलता है। यदि ऊर्जा उत्पन्न होती है तो उसे प्रवाहित ही करना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इससे लाभान्वित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तप से सब तपता है। तप से शरीर तपता है और आत्मा भी तपती है। तप की उष्मा तभी प्रवाहित हो सकती, जब आप ध्यान करें। तप के साथ जप भी करना चाहिए, तभी हम ऊर्जा को प्रवाहित कर सकते हैं और जब ऊर्जा का प्रवाह होगा, तभी हमें वास्तविक आनंद मिल पाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# नए सब-स्टेशन और पीएम-जगवा के विद्युत कनेक्शन को प्राथमिकता : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- गुणवत्ता के साथ कार्य करें पूर्ण
- कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना अंतर्गत विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय राजनांदगांव में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य अभियंता (परियोजना) रायपुर एम. जामुलकर, राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता एचके मेश्राम, अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना बीके कुमरे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की ने संयुक्त रूप से की।

इस अवसर पर राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर सहित वृत्त के सभी कार्यपालन अभियंता, परियोजना संभाग के कार्यपालन अभियंता एवं सहायक अभियंता उपस्थित थे। बैठक में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों में चल रहे आरडीएसएस योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की गई। श्री जामुलकर ने कहा कि आरडीएसएस योजना के तहत स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूर्ण करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे।

राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता एचके मेश्राम ने तीन जिलों में विद्युत आपूर्ति को और बेहतर बनाने के लिए प्रस्तावित नए 33/11 केवी सब-स्टेशनों के निर्माण कार्य को जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए अधिकारियों को संबंधित जिला प्रशासन से समन्वय कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण करने को कहा गया।

# सेवा-संस्कार का अद्भुत समन्वय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री विद्यापीठ में छात्र नेतृत्व, अनुशासन एवं सेवाभाव को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से छात्र परिषद के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए। स्वागत उद्बोधन गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन द्वारा दिया गया। उन्होंने पूर्व सांसद श्री सिंह का स्वागत, अभिवादन करते कहा कि गायत्री विद्यापीठ ने अपनी स्थापना से ही शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और उत्कृष्ट परिणामों के माध्यम से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

समारोह में हेड ब्वॉय, हेड गर्ल्स, हाऊस कैप्टन तथा छात्र परिषद के अन्य प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। शिक्षण समिति के सचिव गगन लड्ढा द्वारा लिखित पुस्तक/कृष्णास जीपीएस मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह को सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सागर चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, मनोज चितलांग्या, नरेन्द्र लोहिया, हेमंत तिवारी, लक्ष्मी डागा, अमित उत्तलवार, अंकित व्यास, पिंकी खंडेलवाल, सीमा श्रीवास्तव, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तामेश्वरी साहू, अनिल वाजपेयी ने शुभकामनाएं दी।

### बैज पहनाकर उत्साहवर्धन

मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह ने नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को बैज पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों को दिए जा रहे भारतीय जीवन मूल्यों एवं संस्कारों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व क्षमता का जो समन्वय दिखाई देता है। वही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है। गायत्री विद्यापीठ में सेवा और संस्कार का जो अद्भुत समन्वय यहां देखने को मिलता है वह अन्यत्र कहीं भी नहीं है।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप के लिए छात्राओं का चयन

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा दसवीं की छात्राएं आहना साहू व सताक्षी गुप्ता का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले जूडो चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। ज्ञात हो कि 27 से 30 जुलाई तक रायपुर के टाटीबंध स्थित महर्षि विद्या मंदिर में सीबीएसई द्वारा ईस्ट जोन जुडो चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन किया गया था। इस चैम्पियनशिप में राज्यभर के सभी सीबीएसई स्कूलों के छात्रों ने अपनी सहभागिता दी। राज्य स्तरीय इस चैम्पियनशिप में अंडर-17 समूह में शाला की छात्रा आहना साहू ने 40 किलोग्राम केटेगरी में रजत पदक प्राप्त किए। वहीं सताक्षी गुप्ता ने 57 किलोग्राम की केटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त कर अपना स्थान राष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप के लिए सुनिश्चित किया।

### 6 को मोतीपुर में पालकी यात्रा

**राजनांदगांव।** महाकाल सेना राजनांदगांव एवं नगर के शिवभक्तों द्वारा बाबा श्री महाकाल जी की पालकी यात्रा 6 अगस्त को दोपहर 2 बजे से स्थानीय बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, ममतानगर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पूरे भव्यता के साथ भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली जाएगी। महाकाल सेना के रिभय यादव ने बताया कि बाबा श्री महाकाल चंद्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में 6 अगस्त दोपहर 2 बजे स्थानीय मोतीपुर वार्ड के गणेशपारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, नवागांव शिवमंदिर होकर मोतीपुर वार्ड क्षेत्र अंतर्गत सुभाष क्लब, शीतलापारा होते हुए रेलवे अंडरब्रिज से ममता नगर, ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी पहुंचकर तुलसीपुर संगम चौक में पालकी यात्रा विसर्जित होगी। जिससे इन क्षेत्रों के वार्डवासियों एवं धर्मप्रेमी जनता में उत्साह एवं हर्ष का माहौल बना हुआ है।

### नाबालिग श्रमिक की मौत, फैक्ट्री संचालक को जेल

**राजनांदगांव।** श्रम न्यायालय राजनांदगांव ने कारखाना अधिनियम, 1948 के उल्लंघन और नाबालिग श्रमिक की कार्यस्थल पर हुई मौत के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते फैक्ट्री संचालक को 18 माह के कारावास और 3 लाख 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण के अनुसार कारखाना निरीक्षक एवं औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के सहायक संचालक दीपेश मेश्राम ने वर्ष 2023 में मेसर्स जय ठाकुर देव गुड़ उद्योग के संचालक निरंजन कुमार चंद्रवंशी के विरुद्ध श्रम न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। आरोप था कि कारखाने में 18 वर्ष से कम आयु के बालक फगन सिंह परते को कार्य पर लगाया गया था। कार्य के दौरान हुई दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई थी। मामले की सुनवाई के बाद द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रम न्यायालय प्रकरण राजनांदगांव अमित जिंदल ने 4 अगस्त 2026 को निर्णय सुनाया। न्यायालय ने कारखाना अधिनियम, 1948 की धारा 92 के तहत आरोपी को 18 माह के कारावास तथा 3,15,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

### पार्किंग एरिया में अवैध अतिक्रमण, कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में राजनांदगांव शहर के वार्ड नंबर 45 कौरिनभाठा, दीनदयाल कालोनी हाऊसिंग बोर्ड के निवासियों ने जनदर्शन में पार्किंग एरिया में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते पार्किंग एरिया से अतिक्रमण हटा दिया गया। वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सक्रियतापूर्वक त्वरित कार्रवाई करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कॉमनवेल्थ गेम में बढ़ाया मान, ज्ञानेश्वरी का भव्य स्वागत

## शहर में निकली स्वागत रैली, आडिटोरियम में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव के नगर आगमन पर उनका स्थानीय खेलप्रेमी जनता, यादव समाज और जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ज्ञानेश्वरी के स्वागत में रैली निकाली गई।

स्कॉटलैंड के ग्लासगों में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक हासिल करते वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश और भारत देश को गौरवान्वित किया है। अपनी जीत का परचम लहराकर शहर लौटने पर विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठन द्वारा ज्ञानेश्वरी का भव्य स्वागत किया गया। बाजे-गाजे के साथ ज्ञानेश्वरी यादव को रथ पर सवार कर सम्मान रैली निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां जगह-जगह ज्ञानेश्वरी को शाबाशी देने लोगों की भीड़ एकत्रित हुई।

### संघर्षों से मिली जीत, प्रदेश सरकार का जताया आभार

अपनी सफलता को लेकर वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि यहां तक के सफर में उन्हें काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम में जब छत्तीसगढ़ का नाम आया तो उन्हें काफी खुशी हुई। ज्ञानेश्वरी ने बताया कि उन्हें डाइट को लेकर समस्या थी। इसके बाद एशियाई चैंपियनशिप से पहले प्रदेश सरकार ने डाइट के लिए काफी सहायता दी। ज्ञानेश्वरी ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देकर डीएसपी बनने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

### महापौर ने दी शुभकामना

*भारतीय जनता पार्टी, शहर कांग्रेस कमेटी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने भी राजनांदगांव को गौरवान्वित करने वाली बेटी को साफा पहनाकर फूल-माला से उसका स्वागत किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमारे जिले, प्रदेश और देश का ज्ञानेश्वरी ने मान बढ़ाया है। महापौर ने अपनी शुभकामना देते कहा कि इसी तरह ज्ञानेश्वरी आगे बढ़े और ओलंपिक में भी शामिल होकर पदक हासिल करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने भी अपनी शुभकामना देते कहा कि ज्ञानेश्वरी ने विश्व स्तर पर छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, नौकरी, प्रमोशन मिलना चाहिए। जिससे वह अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकें। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्ञानेश्वरी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।*

## स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन का आगाज

# इंटर्न की हड़ताल से ओपीडी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में पेंड्री स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल राजनांदगांव के भी 128 इंटर्न डॉक्टर भी सेवाएं ठप कर पूर्ण रूप से आंदोलन में जुट गए हैं। जिसका सीधा असर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संचालन में देखने को मिल रहा है। हड़ताल लंबी चलने पर अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो सकती है। हालांकि प्रबंधन इससे साफ इंकार कर रहा है। प्रबंधन का कहना है कि इंटर्न के हड़ताल में जाने से बहुत अधिक प्रभाव संचालन में नहीं होगा।

मेडिकल कॉलेज परिसर में ही सभी इंटर्न डॉक्टर सामूहिक रूप से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से धरने पर बैठ गए हैं। इस आंदोलन को कॉलेज के प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के विद्यार्थियों के अलावा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), आईएमए-एमएसएन और आईएमए-जेडीएन का नैतिक समर्थन प्राप्त है। हड़ताली डॉक्टरों की प्रमुख मांग वर्तमान में मिल रहे 15,900 मासिक स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह करने की है। डॉक्टरों का कहना है कि शासन एवं स्वास्थ्य विभाग को कई बार ज्ञापन व नोटिस सौंपे जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे विवश होकर उन्हें हड़ताल का रास्ता चुनना पड़ा।

### आपातकालीन सेवा जारी

हड़ताल के कारण पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग यानी ओपीडी और वार्ड सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई है। अस्पताल में रोजाना 750 से 900 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें ओपीडी सेवाएं बंद होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते फिलहाल आपातकालीन सेवाएं चालू रखी गई हैं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र कोई सकारात्मक रूख नहीं दिखाया, तो वे आपातकालीन सेवाओं का भी बहिष्कार करेंगे।

### व्यवस्था पर पड़ेगा सीधा असर

राजनांदगांव के पेंड्री स्थित इस प्रमुख चिकित्सा केंद्र पर न केवल शहर, बल्कि डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मानपुर, छुरिया और डोंगरगांव जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। हड़ताल लंबी खींचने पर इन ग्रामीण इलाकों के मरीजों को गंभीर स्वास्थ्य संकट झेलना पड़ सकता है। बताया गया कि मंगलवार को अपातकालीन ड्यूटी में इंटर्न ने अपनी सेंवाए दी थी, लेकिन आज से यहां भी उनके द्वारा काम बंद कर दिया जाएगा।

### मनोबल बढ़ाना जरूरी

आईएमए मेडिकल स्टुडेंट्स नेटवर्क के राज्य संयोजक शहदील खुसरो ने बताया कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में 125 एवं प्रदेशभर के 914 इंटर्न अपनी मांगों को लेकर एकजुट हैं। संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री और उच्च अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समाधान निकालने की अपील की है।

# हत्या का प्रयास आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहल्ले में आए दिन वाद-विवाद करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नशे एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना सोमनी पुलिस को ग्राम बघेरा में जनप्रतिनिधियों एवं मोहल्लेवासियों से लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि कुछ युवक शराब के नशे में आए दिन विवाद कर रहे हैं। जिसके गांव में तनाव की लगातार स्थिति निर्मित हो रही थी।

### दो पर कार्रवाई

शिकायतों के सत्यापन उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते सोनल मंडावी 23 वर्ष एवं खोमचंद साहू 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बघेरा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

### गिरफ्तारी वारंट तामील

इसी तरह धारा 294, 323, 506, 307, 34 भादवि के फरार आरोपी विजय सिंह साहू 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 57 दाई दीदी भवन के पास रामनगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट को तामील करते आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां जेल वारंट मिलने पर जेल भेजा गया।

# अर्जुनी शराब दुकान के पास अवैध चखना सेंटर से गांव में आक्रोश, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के अर्जुनी स्थित सरकारी शराब दुकान के पास अवैध चखना सेंटर का खुलेआम संचालन हो रहा है। लगातार शिकायतों के बाद भी इन अवैध चखना सेंटर्स में कार्रवाई ना होना सवाल खड़े कर रहा है। शिकायत के अनुसार इन सेंटर्स में लोगों को न केवल शराब उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि वहीं बैठाकर शराब पिलाने का काम भी हो रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी की सरकारी शराब दुकान में सरकारी अहाता भी संचालित हो रहा है। इसके समीप ही करीबन आधा दर्जन अवैध चखना सेंटर भी खुल गए हैं। डिस्पोजल, पानी पाऊच जैसी सामग्रियों की बिक्री के बहाने दुकानदार

खुलेआम लोगों को शराब परोसने का काम कर रहे हैं। बड़ी बात यह है कि इन अवैध चखना सेंटर्स की आबकारी विभाग से लेकर डोंगरगांव पुलिस थाना, जिला प्रशासन एवं पुलिस महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों को की जा चुकी है, लेकिन उसके बाद भी एक्शन नहीं हो रहा है। वहीं संचालन करने वाले लोगों के मन में कार्रवाई का भय भी नहीं है।

### शिकायत की तैयारी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी सहित अन्य सरकारी शराब दुकानों के बाहर अवैध तरीके से संचालित चखना सेंटर्स की शिकायत जल्द ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से किए जाने की भी तैयारी है। बताया गया कि विस अध्यक्ष से मिलकर न केवल अवैध चखना सेंटर्स की बातें रखी जाएगी, बल्कि इसके साथ ही विभागों को शिकायत के बाद भी ठोस एक्शन नहीं होने की जानकारी भी उन्हें दी जाएगी।

### जिलेभर का यही हाल

ऐसा नहीं है कि अवैध चखना सेंटर्स की शिकायत केवल अर्जुनी से ही आ रही है, बल्कि जिले के लगभग सभी शराब दुकानों के समीप इस तरह से ही अवैध चखना सेंटर्स का खुलेआम संचालन हो रहा है। बड़ी बात यह है कि इनमें अधिकांश दुकानदार अतिक्रमण कर अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं, लेकिन नियमों का हवाला देकर जिम्मेदार विभाग अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।

# बुनियादी सुविधाएं नहीं कांग्रेस ने घेरा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय का घेराव कर शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा की नगर सरकार शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल, बेहतर सफाई, रोशनी और सुरक्षित यातायात जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र व्यवस्था सुधारने की मांग की।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि

नगरवासी मच्छरों से त्रस्त हैं। निगम की फागिंग मशीन कहीं नजर नहीं आती। न ही दवाईयों का छिड़काव दिखाई देता है। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। 6-7 माह से सफाई कर्मचारियों को वेतन न मिलने से नियमित सफाई प्रभावित हो रही है और जगह-जगह कचरा का ढेर लग रहा है।

### बीमारी का खतरा

उन्होंने कहा कि पानी की समस्या तो बारिश में भी विकराल बनी हुई है। गंदे पानी से बीमारी का खतरा है। शाम को नल खुलता है तो सुबह पानी नहीं आता, सुबह आपूर्ति होती है तो शाम को नल बंद कर दिया जाता है। निगम की पानी में यह कटौती का कारण निगम और फिल्टर प्लांट का संचालन कर रही एजेंसी की लापरवाही है। पूर्व सभापति हफीज खान ने कहा कर्मचारियों के हित का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि एक कर्मचारी कैंसर जैसी भयानक बीमारी से जुझ रहा है और बेबस है। इसलिए कि उसकी बीमा की राशि नहीं चुकाई गई। आज वह सहायता के लिए दर दर भटकने मजबूर है। कर्मचारी हितों की फाइलें रोकी जा रही है।

### ज्ञानेश्वरी का अग्रवाल समाज ने किया सम्मान

**राजनांदगांव।** कॉमनवेल्थ गेम में भारत को रजत पदक दिलाने वाली ज्ञानेश्वरी यादव का मंगलवार को राजनांदगांव पहुंचने पर स्थानीय गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में नागरिक सम्मान किया गया।

सम्मान समारोह में अग्रवाल समाज की ओर से ज्ञानेश्वरी यादव को शाल ओढ़ाकर, श्रीफल प्रदान कर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष शरद अग्रवाल, संरक्षक विष्णु प्रसाद लोहिया, सचिव अशोक लोहिया, कोषाध्यक्ष अशोक सिंघल, किशोरीलाल लाट, आलोक बिंदल, राजेश खोखरिया, पवन लोहिया, रमणीक अग्रवाल, चंकी अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बारिश के अभाव में धान रोपाई प्रभावित

**बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों किसान अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। धान की नर्सरी (थरहा) तैयार हो चुकी है, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान खेतों में रोपाई कार्य शुरू नहीं कर पा रहे हैं। ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, नाऊडीह, दौजरी, जेवड़न खुर्द, सारंगपुर, डबराभाट, घुकसा, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला और चंदनपुर सहित आसपास के गांवों में बारिश के अभाव के कारण खेत सूखे पड़े हैं। इससे किसान धान की रोपाई में पीछे हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि धान की रोपाई के लिए खेतों में पर्याप्त पानी होना आवश्यक है, रोपाई से पहले खेतों की मिट्टी को दलदली बनाया जाता है, तभी रोपाई का कार्य सुचारु रूप से हो पाता है। जिन किसानों के पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वे बोरवेल के सहारे कृषि कार्य कर रहे हैं, लेकिन जिन किसानों के पास सिंचाई का कोई साधन नहीं है, वे अच्छी और मूसलाधार बारिश का इंतजार कर रहे हैं। ग्राम राम्हेपुर कला के किसान तिरीथ राम साहू ने बताया कि पानी की कमी से किसान काफी परेशान हैं। वे खेतों में किसी तरह पानी पहुंचाकर रोपाई शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानों को उम्मीद है कि जल्द अच्छी बारिश होगी, जिससे धान की रोपाई का कार्य गति पकड़ सकेगा।

### विक्रम साहू बने साहू संघ के जिला महामंत्री

**कोलेगांव।** जिला साहू संघ (राजनीतिक प्रकोष्ठ) कबीरधाम के संगठन को सशक्त एवं गतिशील बनाने की दिशा में विक्रम साहू को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर समाज एवं संगठन के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं में हर्ष का वातावरण है। श्री साहू लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं समाजहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। जिस पर विक्रम साहू ने समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए विश्वास पर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हित, संगठन के विस्तार तथा युवाओं को जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने विक्रम साहू को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### महिनों से खुला है चैंबर लोहे की जाली से ढका जाए

**कवर्धा।** नंदी विहार कॉलोनी में हाल ही बनी सड़क पर पानी सप्लाई के लिए बनाया गया चैंबर पिछले कई महिनों से खुला पड़ा है। करीब चार फीट लंबा चौड़ा चैंबर गंभीर खतरा बना हुआ है।

### जलजनित व मौसमी बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रहने के लिए निर्देश

# जल जीवन मिशन में लापरवाही बरतने पर करें कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिलादण्डधिकारी गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट में समय-सीमा की आवश्यक बैठक में जल जीवन मिशन के कामों की समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश ईई पीएचई को दिए। उन्होंने कहा कि यह जनसुविधा से जुड़ा विषय है, बार-बार समझाईश देने के बाद भी जहां काम में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है, वहां नियमानुसार कार्रवाई करें।

कलेक्टर ने मीटिंग के दौरान कहा कि बरसात के मौसम में जलजनित और मौसमी बीमारियों के बड़े पैमाने पर फैलने का खतरा बना रहता है। इसके लिए एहतियाती कदम उठाते हुए जन-जागरूकता फैलाई जाएं, उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि ग्रामीण इलाकों से मलेरिया के मामले सामने आए हैं। ऐसे सभी स्थानों को विशेष रूप से चिन्हित करते हुए वहां लगातार लोगों के सेहत की मॉनिटरिंग की जाये।

जल जमाव की स्थिति न बने इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वहीं उन्होंने नगरीय निकायों में भी नियमित साफ-सफाई और फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए और स्वास्थ्य अमले को अलर्ट पर रहने के लिए कहा। वहीं स्कूली बच्चों के जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को राजस्व विभाग से समन्वय कर शेष बचे बच्चों के प्रमाण पत्र जल्द बनवा कर वितरित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम आवास, जनमन और निर्माण एजेंसीज द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से समीक्षा की। आवासीय संस्थाओं में रहने वाले बच्चों की स्वास्थ्य के संबंध में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि बारिश के मौसम में आश्रम छात्रावासों और आवासीय संस्थाओं में निवासरत बच्चों की सेहत का विशेष ख्याल रखा जाए। उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच करवाई जाए और खान पान खास ध्यान रखा जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को इसके लिए जरूरी कदम उठाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

### 10 अगस्त से बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक दवा

कलेक्टर ने कहा कि आगामी 10 अगस्त से बच्चों को कृमि मुक्ति नाशक दवा खिलाया जाएगा। उन्होंने यह कार्यक्रम व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ ही स्कूल, महिला बाल विकास, उच्च शिक्षा, पंचायत विभाग को इस कार्य में आवश्यक सहयोग के लिये निर्देशित किया। गौरतलब है कि जिले में करीब 4 लाख बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी। वहीं बच्चों को विटामिन और आयरन फॉलिक एसिड की दवा खिलाने के कार्यक्रम को भी विभागीय गाइडलाइंस के अनुसार संपन्न करवाने के निर्देश दिए।

# पुलिया बना गौ-माता का अस्थायी ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पेंड्रीकला में पुलिया के आसपास इन दिनों सैकड़ों गौवंश का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों से गाय, बैल और बछड़ों को जंगल छोड़ने के बहाने लाकर बीच रास्ते में छोड़ दिया जाता है, जिससे वे गांवों और मुख्य मार्गों पर भटकते रहते हैं।

ग्रामीणों के अनुसार लगभग हर गांव में बाहर से आए 50 या उससे अधिक गौवंश खुले में घूमते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा गौठानों में गौवंश के लिए चारा, पानी, पैरा, कोठान, सौर ऊर्जा तथा बाउंड्रीवॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे पशुओं के सुरक्षित रख-रखाव की व्यवस्था थी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि प्रत्येक गांव में गौठान और गौ-धाम की व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित की जाए, तो खुले में घूम रहे आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय मिल सकता है। इससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा। क्षेत्रवासियों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि आवारा गौवंश के संरक्षण के लिए शीघ्र प्रभावी व्यवस्था की जाए तथा जहां गौठान और गौधाम बने हुए हैं, उन्हें नियमित रूप से संचालित कर पशुओं के भोजन, पानी और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# आलिया बनी रहमान कापा बाल संसद की पीएम

- प्रधान पाठक ने बाल संसद के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

संकुल केंद्र बिरकोना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बाल संसद (कैबिनेट) का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की सहमति एवं बहुमत के आधार पर कक्षा पांचवीं की छात्रा आलिया को बाल संसद का प्रधानमंत्री चुना गया। इसी प्रकार विद्यार्थियों द्वारा बहुमत के आधार पर दिव्यांका को शिक्षा मंत्री, अमृता को अनुशासन मंत्री, कामाक्षी को सांस्कृतिक मंत्री, वैशाली को स्वास्थ्य मंत्री, अमित को इको क्लब अध्यक्ष, आयुष को खेल मंत्री, सोनाक्षी एवं संजना को प्रार्थना मंत्री, अक्षत को खाद्य मंत्री, मंजीत को पर्यावरण मंत्री, संगीता को सज्जा मंत्री, हिमांशु को जल मंत्री तथा अरमान को खोया-पाया मंत्री चुना गया। इसके पश्चात सभी पदाधिकारियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया।

विद्यालय में हर्ष और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के प्रधान पाठक राजेश कुमार पात्रे ने बाल संसद के सभी सदस्यों को शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने दायित्वों का ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर ने कहा कि बाल संसद बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, सहयोग, अनुशासन और निर्णय लेने की क्षमता का विकास करती है। यह बच्चों को लोकतांत्रिक मूल्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में अपने दायित्वों के प्रति उत्साह, आत्मविश्वास एवं जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यालय परिवार ने सभी चुने गए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# भोरमदेव पदयात्रा में सर्व यादव समाज ने लगाया भव्य सेवा स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सावन मास के प्रथम सोमवार को भक्ति का सराबोर सैलाब बुढ़ा महादेव से भोरमदेव तक की 18 किलोमीटर लंबी कठिन पद यात्रा पर हजारों शिवभक्त रवाना हुए। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच गूंजते इस माहौल में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सर्व यादव समाज कबीरधाम ने एक अनूठी और प्रेरणादायी मिशाल पेश की है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यदु के मार्गदर्शन और युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंद्रेश यादव के नेतृत्व में युवा प्रकोष्ठ सर्व यादव समाज द्वारा भोरमदेव मार्ग पर पहली बार सेवा स्टॉल का भव्य आयोजन किया गया, जहां हजारों पदयात्रियों को जल और फल वितरित कर उनकी थकान को दूर किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेवा स्टॉल पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके साथ पूरे जिले के वरिष्ठ राजनेता एवं प्रबुद्ध जनों की भागीदारी रही। छत्तीसगढ़ शासन के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद और कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने भी स्टॉल पर पहुंचकर युवाओं के इस कार्य की प्रशंसा की। इस धार्मिक और सामाजिक महाकुंभ आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कैलाश चंद्रवंशी, युवराज मैकलेश्वर राज, लोकचंद साहू, मनीराम साहू, संतोष यादव, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अभिषेक अग्रवाल और गोलू यादव का भोरमदेव सेवा स्टॉल पर गर्मजोशी से आगमन हुआ। अतिथियों ने स्वयं अपने हाथों से व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आयोजकों की पीठ थपथपाई। इस भव्य आयोजन को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाने में सर्व यादव समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों का मजबूत संबल प्राप्त हुआ। कार्यकारी अध्यक्ष धनीराम यादव, सचिव कनस राम यादव और कोषाध्यक्ष पवन यादव की गरिमामय उपस्थिति ने पूरी टीम का मनोबल बढ़ाया। इस महा-अभियान में चंद्रेश यादव, दिनेश यादव, चंद्रकांत यादव, रूपेश यादव, राकेश यादव, तुलसी यादव, श्याम यादव ने दिन-रात एक कर दिया। इसके साथ ही समाज के अन्य प्रमुखों और सक्रिय सदस्यों के अथक परिश्रम व सराहनीय योगदान के चलते यह सेवा शिविर कबीरधाम जिले में भाईचारे, सेवा और संस्कृति का सबसे बड़ा उदाहरण बन गया है।

# विधायक भावना की बढ़ती लोकप्रियता से बौखलाएं कांग्रेसी, अभद्र टिप्पणी निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विधायक भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों और उनके द्वारा संघन जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से रूबरू होना एवं विधायक की बढ़ती लोकप्रियता से जिले के कांग्रेसी बौखला गए है और इस बौखलाहट में महिला विधायक भावना बोहरा के ऊपर ऊलजुल एवं अभद्र टिप्पणी कर अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दे रहे है कांग्रेस नेता द्वारा किए गए अभद्र टिप्पणी निंदनीय है। उक्त बात भाजपा मण्डल कुण्डा के सक्रिय कार्यकर्ता सूरज यादव ने कहा कि विधायक भावना बोहरा की जिले में बढ़ती लोकप्रियता के ग्राफ से जिले के कांग्रेसी बौखलाहट में है और इसी बौखलाहट में महिला विरोधी अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं।

उन्होने पुरजोर कड़े शब्दों निंदा करते हुए नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता तुकाराम चंद्रवंशी द्वारा और कांग्रेस से जुड़े कुछ लोगों द्वारा सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर विधायक भावना बोहरा के खिलाफ अभद्र और महिला विरोधी भाषा का प्रयोग किया जा रहा है जिसे कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा श्री यादव ने कहा कांग्रेसी और विरोधी विधायक भावना बोहरा का क्षेत्र में सक्रियता एवं लोकप्रियता को पचा नहीं पा रहे जिसके कारण कांग्रेस नेता व्यक्तिगत टिप्पणियों पर उतर आए हैं।

सूरज यादव ने कहा विधायक भावना बोहरा लगातार क्षेत्र के विकास के लिए काम कर रही हैं। कुण्डा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सड़कें और अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। अपनी नाकामी छिपाने के लिए कांग्रेस के लोग अब एक महिला जनप्रतिनिधि पर अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं। यह कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के ई-प्रमाण पत्र जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छग शिक्षक पात्रता परीक्षा के ई प्रमाण पत्र जारी कर दिए है यह परीक्षा एक फरवरी को हुई थी। वहीं ई प्रमाण पत्र वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

### प्रियादास समिति के कांवरियों ने बूढ़ा महादेव में किया प्रथम जलाभिषेक

# 180 किमी की दुर्गम पदयात्रा कर पहुंची टोलीयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कांधे पर कांवर और भगवा पोषक धारण किए कांवरियों की टोली बोल-बम के जयकारों के साथ आगे बढ़ते चले गए। पर्वत, पठार और जंगलों के बीच से 180 किमी दुर्गम यात्रा के दौरान आसमान से बारिश, आंधी चले या फिर तूफान, कांवरियों के कदम रुकते नहीं। नियत स्थान पर कांवर विश्राम के साथ ही कुछ समय की आराम मिल पाती है। अमरकंटक से जल लेकर कठिन यात्रा कर नगर पहुंचे जय बाबा प्रियादास बोल बम समिति के 65 कांवरियों की टोली मंगलवार को प्रथम जलाभिषेक किया। श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा की जाती है।

पूरे श्रावण मासभर श्रद्धालु अपने-अपने अनुसार शिवजी की पूजा अर्चना करते हैं। वहीं शिवालयों में भी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसी कड़ी में बाबा प्रियादास बोलबम समिति के 65 कांवड़िया भी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक से पवित्र गंगाजल लेकर 180 किमी की कठिन यात्रा कर स्थानीय पंचमुखी बूढ़ा महादेव पहुंचे और जलाभिषेक कर अपना संकल्प पूरा किया।

जय बाबा प्रियादास बोलबम समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंद्रवंशी व उपाध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी ने बताया कि कोरोना महामारी के संकटकाल को छोड़ दे तो बाबा प्रियादास समिति लगातार 21 वां वर्षों से कांवड़ यात्रा अनवरत जारी है। करीब 180 किलोमीटर वनांचल से पदयात्रा कर कांवड़िया बोल बम के नारों के बीच भगवान भोलेनाथ का मां नर्मदा के पवित्र जल से अभिषेक करते हैं। पुरातन समय से ही कांवड़ यात्रा का बड़ा महत्व है। 28 जुलाई को ग्राम घिरघोसा से झलमला, गोपालभवना से टीम अमरकंटक के लिए रवाना हुआ।

### जलाभिषेक बाद संपन्न हुई यात्रा

29 जुलाई को गुरू पूर्णिमा स्नान कर दूसरे दिन यानि 30 जुलाई को अमरकंटक में स्थानीय जालेश्वर महादेव का जलाभिषेक व कांवड़ पूजा के बाद 31जुलाई को कांवर यात्रा प्रारंभ हुआ। यात्रा में क्रमशः चार पड़ाव होते हैं। गोपालपुर, कुई-कुकदुर, डोंगरिया व नगर स्थित बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक कर ग्राम पॉलीगुढ़ा में विश्राम करते हैं। वहीं 4 अगस्त की सुबह होते ही बाबा प्रियादास में ग्राम की मंदिर-देवालय में जलाभिषेक यात्रा का समापन किया।

ज्ञापन: किसानों की मांग पर लंबित मामलों के तत्काल निराकरण के निर्देश

# सुतियापाट नहर मुआवजा पाने भटक रहे दस गांव के कई प्रभावित किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, फसल बीमा, क्षतिपूर्ति एवं किसानों के लंबित मुआवजा प्रकरणों को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। बताया जाता है कि सुतियापाट नहर विस्तारीकरण के 14 प्रभावित गांवों में से दो को छोड़कर आधा दर्जन गांव के कई किसान लम्बे समय से मुआवजा पाने भटक रहे हैं।

कलेक्टर ने 12 गांवों के प्रकरण विभिन्न स्तरों पर लंबित होने पर नाराजगी जताते हुए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं एसडीओ को सभी प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही फसल नुकसान, बीमा राशि और क्षतिपूर्ति के मामलों में भी समयबद्ध कार्रवाई करने के आदेश जारी किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

बैठक में बताया गया कि सुतियापाट नहर विस्तारीकरण परियोजना के तहत 14 गांवों के किसानों को मुआवजा मिलना है, लेकिन अब तक केवल बिचारपुर और बावनटोला के किसानों को ही मुआवजा प्राप्त हुआ है।

जबकि ग्राम बाजगुढ़ा, खैरबना, दैहानडीह, रंजीतपुर, पटपर, डोंगरिया, जमनिया, रणवीरपुर, सिलहाटी, खजरी, कल्याणपुर, लखनपुर के मुआवजा प्रकरण विभिन्न टेबलों में लंबित हैं। इस पर कलेक्टर ने बैठक में मौजूद जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता और एसडीओ को सभी लंबित मामलों का तत्काल निराकरण कर किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए।

### फसल नुकसान, बीमा राशि, क्षतिपूर्ति के मुद्दे भी उठाए

बैठक में किसानों ने फसल नुकसान, बीमा राशि और क्षतिपूर्ति के मुद्दे भी उठाए। कलेक्टर ने औसत फसल नुकसान सर्वे के अनुसार पात्र किसानों की बीमित राशि का भुगतान बीमा कंपनी के माध्यम से कराने के निर्देश दिए। वहीं तीन किसानों की लंबित फसल क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान दो दिनों के भीतर करने का आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया। रबी फसल में नुकसान उठाने वाले किसानों को भी शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए बीमा कंपनी को निर्देशित किया गया।

### कलेक्टर को बताई समस्या

एग्रीस्टैक में संयुक्त खातों में दर्ज किसानों के नामों की समस्या उठाए जाने पर कलेक्टर ने कहा कि यह विषय शासन स्तर का है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में शासन को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा। बैठक में भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष डोमन चन्द्रवंशी, जिला महामंत्री जीवन यादव, कार्यालय मंत्री कमलेश चंद्रवंशी, अरविंद शर्मा, सिद्धू चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, मूलचंद साहू, पिंटू चंद्रवंशी, गोपेश जायसवाल, मुकेश ठाकुर सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# कोठार से पैरा निकाल रहा ग्रामीण सर्पदंश का शिकार

■ पटपर गांव की घटना, उपचार के दौरान सीएचसी लोहारा में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम पटपर में जहरीले सर्प के डसने से 64 वर्षीय एक वृद्ध की उपचार के दौरान मौत हो गई।

यह हादसा मंगलवार सुबह उस समय हुआ, जब वृद्ध अपने घर के कोठार से पैरा निकाल रहे थे। पैरा में छिपे जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उनकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ग्राम पटपर निवासी शिव कुमार मरकाम आयु 64 वर्ष पिता स्वर्गीय बिकऊ मरकाम मंगलवार सुबह करीब 7 बजे घर के कोठार में रखे पैरा को निकाल रहे थे।

इसी दौरान पैरा में छिपे जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहारा लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर सहसपुर लोहारा पुलिस ने मर्ग क्रमांक 33/26 कायम कर पंचनामा कार्रवाई की। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### लोगों से की गई सतर्कता बरतने की अपील

घटना पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उन्होंने बरसात के मौसम में आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उनका कहना है कि खेत, खलिहान, कोठार, पैरा और लकड़ी के ढेरों में इस मौसम में जहरीले सर्प छिपे हो सकते हैं। ऐसे स्थानों पर हाथ डालने से पहले पूरी सावधानी बरतें, अंधेरे स्थानों में टॉर्च का उपयोग करें तथा घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। यदि किसी व्यक्ति को सर्प काट ले तो झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय गंवाने के बजाय तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं, क्योंकि समय पर चिकित्सकीय उपचार ही सर्पदंश से जान बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 7 अगस्त

**कवर्धा।** जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में संचालित एससीवीटी व्यवसायों की राज्य व्यावसायिक परीक्षा माह अगस्त 2026 का आयोजन 17 अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक किया जाएगा। यह परीक्षा एससीवीटी व्यवसायों तथा हायर सेकेंडरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना के अंतर्गत अध्ययनरत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आयोजित होगी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा के प्राचार्य ने बताया कि एससीवीटी व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों एवं स्कूल आईटीआई संयुक्त अध्यापन योजना के विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षा शुल्क जमा करने तथा परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु 4 अगस्त से 7 अगस्त 2026 तक अपने संबंधित आईटीआई संस्थान में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### आईटीआई में प्लेस मेंट कैंप का आयोजन आज

**कवर्धा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा में 5 अगस्त 2026 बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई (किसी भी व्यवसाय) एवं अन्य योग्यताधारी युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से टीम लीज पीएम इंटर्नशिप स्कीम के अंतर्गत स्टेलेंटिस, तमिलनाडु के द्वारा विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक एवं आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कवर्धा पहुंचकर प्लेसमेंट कैंप में शामिल हो सकते हैं।

# कवर्धा में स्वतंत्रता परेड व कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर

फाईल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाने स्थानीय शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के मैदान में मार्च पास्ट का अभ्यास लगातार किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मार्च पास्ट का प्रदर्शन करने वाले विभिन्न प्लाटूनो द्वारा सुबह और शाम को बकायदा चयनित मैदान में पहुंचकर मार्चपास्ट का अभ्यास कर रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मार्च पास्ट विशेष आकर्षण का केन्द्र होता है। जिसमें अभी तक 16 प्लाटून हिस्सा लेते आए हैं। जानकारी के मुताबिक आजादी की वर्षगांठ के अवसर पर भी जिला परेड कबीरधाम में 16 प्लाटून रक्षित निरीक्षक के नेतृत्व में मार्च पास्ट का प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा परेड के निरीक्षण के पश्चात हर्ष फायर होगा तथा सशस्त्र प्लाटून और स्कूली प्लाटून उन्हें सलामी देंगे।

इनमें छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल 17 वी वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरुष व महिला, होमगार्ड, वन विभाग, एनसीसी, स्काउट, गाइड एवं रेडक्रॉस शामिल रहेंगे। मार्च पास्ट के अलावा नगर के स्कूलों में भी स्वतंत्रता दिवस की जोरदार तैयारियां की जा रही है।

मुख्य समारोह में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपनी-अपने विधाओं और कार्यक्रमों की लगातार तैयारी कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस की नजदीकियों को देखते हुए जिले के विभागों ने भी अपने-अपने विभाग की झांकियों को नया, रूप रंग देना प्रारंभ कर दिया है। कुल मिलाकर इन दिनो नगर में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जोरो से चल रही है।

# ढाबों में पुलिस की दबिश दो के खिलाफ कार्रवाई

ढाबा संचालकों को शराब परोसना पड़ा महंगा

■ ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसते मिले संचालक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने ढाबों और होटलों में विशेष जांच अभियान चलाया।

अभियान के दौरान ग्राहकों को अवैध रूप से शराब परोसते पाए जाने पर दो ढाबा संचालकों के खिलाफ पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देश पर जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सघन जांच अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार व अमित पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न ढाबों और होटलों की जांच की। थाना प्रभारी योगेश कश्यप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बादशाह ढाबा और साहू छत्तीसगढ़ ढाबा का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दोनों ढाबों में ग्राहकों को शराब परोसी जाती मिली। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित संचालकों के 36 (सी) के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### आगे भी जारी रहेगा अभियान

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में समय-समय पर ढाबों और होटलों का आकस्मिक निरीक्षण जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि नागरिकों के लिए सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध रूप से शराब परोसने, नशाखोरी या अन्य असामाजिक गतिविधियों की जानकारी मिले तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। जिले में अपराध नियंत्रण, नशे पर रोक और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। सार्वजनिक स्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिना वैधानिक अनुमति के शराब परोसना कानून का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को नियमों का पालन करने की चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में उल्लंघन पाए जाने पर और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार माजदा ट्रक ने बुजुर्ग ग्रामीण को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

बोड़ला स्थित भोरमदेव चौक पर एक तेज रफ्तार माजदा ट्रक ने टीवीएस बाइक सवार बुजुर्ग को करीब 10 मीटर तक घसीट दिया, जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बुजुर्ग को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह जनाराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम हाथीडोब अपनी टीवीएस बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान नगर के भोरमदेव चौक के एक माजदा ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और करीब 10 मीटर तक घसीट दिया जिससे बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उनका एक पैर पूरी तरह टूट गया है। सूचना मिलते ही बोड़ला पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोड़ला पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। बाद में घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे कवर्धा रिफर कर दिया गया।

# 6 अगस्त को पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रकृति संरक्षण, आपदा प्रबंधन एवं आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से साइंटिस्ट्स, इंजीनियर्स एवं आर्किटेक्ट प्रभाग तथा ब्रह्माकुमारीज, कवर्धा के संयुक्त तत्वावधान में 6 अगस्त, गुरुवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10.30 बजे शिव ज्योति भवन, छीरपानी कॉलोनी, कवर्धा में प्रकृति का ख्याल रखें, आपदा से बचने के लिए तैयार रहें, विषय पर आयोजित गरिमामय संगोष्ठी से होगा। इसके पश्चात दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक भोरमदेव में जिला पंचायत कबीरधाम द्वारा आयोजित सरस मेला के संरक्षित मंच पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया जाएगा। इसी क्रम में अभियान के सदस्यों द्वारा सीजीआईटी पॉलिटेक्निक कॉलेज, महाराजपुर के सभागार में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों, प्राचार्य एवं शिक्षकों के अलावा जिला प्रशिक्षण संस्थान डीआईईटी, केन्द्रीय विद्यालय तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं भी सहभागी बनेंगे।

आयोजकों ने बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान देशभर में पर्यावरण संरक्षण, आपदा के प्रति सजगता तथा आध्यात्मिक मूल्यों के माध्यम से सुरक्षित एवं सतत समाज के निर्माण का संदेश दे रहा है।

कार्यक्रम में माउंट आबू, हरियाणा, नई दिल्ली, हैदराबाद एवं छत्तीसगढ़ से पधारे राष्ट्रीय एवं वरिष्ठ वक्ता पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, तनावमुक्त जीवन और राजयोग के माध्यम से आंतरिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।

आयोजकों ने जिले के नागरिकों, युवाओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, इंजीनियरों, वैज्ञानिकों तथा समाज के सभी वर्गों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन के इस राष्ट्रीय जनजागरण अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

प्रथम सावन सोमवार पर 16 किलोमीटर की कांवड़ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

# सेतगंगा से नानापुरी तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

सावन के पवित्र प्रथम सोमवार के शुभ अवसर पर पवित्र सेतगंगा धाम से नानापुरी तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। लगभग 16 किलोमीटर लंबी इस कांवड़ यात्रा में आस्था, भक्ति, प्रेम और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला।

क्षेत्र के महिला, पुरुष, युवा, बच्चे एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। पूरी यात्रा के दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ पवित्र सेतगंगा धाम में मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ में लेकर बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए नानापुरी की ओर प्रस्थान किया। तपती धूप और कठिन रास्तों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह और भक्ति देखते ही बन रही थी। कांवड़ियों के कदम निरंतर आगे बढ़ते रहे और पूरा मार्ग बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गूंजता रहा। यात्रा के दौरान महका, बघर्रा, भेसबोड़ एवं नानापुरी में ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा कांवड़ियों का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया।

इन स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण, जलपान एवं पेयजल की व्यवस्था की गई। ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक कांवड़ियो का स्वागत करते हुए उनकी सेवा की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया। इस भव्य कांवड़ यात्रा में क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने भी श्रद्धालुओं के साथ पूरे मार्ग में कदम से कदम मिलाकर सहभागिता की। उन्होंने कांवड़ियों के साथ बोल बम के जयकारे लगाते हुए पूरी यात्रा भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ पूरी की।

### यात्रा क्षेत्र की आस्था, एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक : अन्नपूर्णा

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने कहा कि प्रथम सावन सोमवार के पावन अवसर पर सेतगंगा से नानापुरी तक निकली यह कांवड़ यात्रा क्षेत्र की आस्था, एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर बाबा भोलेनाथ की भक्ति में इतनी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों का एक साथ चलना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि तपती धूप और कठिन रास्तों के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह एवं भक्ति अद्भुत रही। उन्होंने कांवड़ यात्रा में शामिल सभी कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए महका, बघर्रा, भेसबोड़ एवं नानापुरी सहित विभिन्न स्थानों पर कांवड़ियों का स्वागत, प्रसाद वितरण एवं सेवा करने वाले ग्रामवासियों के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से सभी क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। प्रथम सावन सोमवार के पावन अवसर पर आयोजित यह भव्य कांवड़ यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता, आपसी प्रेम, सेवा और भाईचारे का सुंदर संदेश देते हुए भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई।

# डॉ. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

भारत रत्न, पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बोड़ला में विज्ञान विषय पर आधारित कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल के प्राचार्य विजय खरे के निर्देशानुसार तथा कार्यक्रम प्रभारी रवि कुमार वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, रचनात्मकता तथा अनुपयोगी वस्तुओं के पुनः उपयोग के प्रति जागरूकता विकसित करना था। डॉ. कलाम को दी श्रद्धांजलि, विकसित भारत का लिया संकल्प कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके प्रेरणादायी जीवन, वैज्ञानिक उपलब्धियों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम का मानना था कि वैज्ञानिक सोच और नवाचार ही विकसित भारत की असली आधारशिला हैं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने घर और आसपास से एकत्रित अनुपयोगी सामग्री (कबाड़) का उपयोग कर विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित मॉडल तैयार किए। प्रदर्शनी में अंतरिक्ष एवं ऊर्जा इसरो का रॉकेट प्रक्षेपण मॉडल, हाइड्रो पावर प्लांट, सिंचाई प्रणाली और ऊर्जा संरक्षण मॉडल मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे। विद्यार्थियों ने न केवल मॉडल प्रदर्शित किए, बल्कि निर्णायकों और अतिथियों के समक्ष उनकी कार्यप्रणाली का शानदार प्रस्तुतीकरण देकर उनके प्रश्नों के सटीक उत्तर भी दिए। निर्णायक मंडल ने वैज्ञानिक अवधारणा, नवाचार, उपयोगिता और कबाड़ के प्रभावी प्रयोग के आधार पर मॉडलों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में जगमोहन लाल बर्मन, रामसिंह महोबिया, समारू दास टंडन, श्रीमती घनश्याम वर्मा, श्रीमती विनीता मरकाम, गोविंद बांधे, सतीश यदु एवं भूपेंद्र चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### राष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप के लिए छात्राओं का चयन

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के कक्षा दसवीं की छात्राएं आहना साहू व सताक्षी गुप्ता का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले जूडो चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय इस चैम्पियनशिप में अंडर-17 समूह में शाला की छात्रा आहना साहू ने 40 किलोग्राम केटेगरी में रजत पदक प्राप्त किए। वहीं सताक्षी गुप्ता ने 57 किलोग्राम की केटेगरी में कांस्य पदक प्राप्त कर अपना स्थान राष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप के लिए सुनिश्चित किया।

### पार्किंग एरिया में अवैध अतिक्रमण, कार्रवाई

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में राजनांदगांव शहर के वार्ड नंबर 45 कौरिनभाठा, दीनदयाल कालोनी हाऊसिंग बोर्ड के निवासियों ने जनदर्शन में पार्किंग एरिया में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते पार्किंग एरिया से अतिक्रमण हटा दिया गया। वार्डवासियों ने जिला प्रशासन को सक्रियतापूर्वक त्वरित कार्रवाई करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कॉमनवेल्थ गेम में बढ़ाया मान, ज्ञानेश्वरी का भव्य स्वागत

## शहर में निकली स्वागत रैली, आडिटोरियम में सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव के नगर आगमन पर उनका स्थानीय खेलप्रेमी जनता, यादव समाज और जनप्रतिनिधियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ज्ञानेश्वरी के स्वागत में रैली निकाली गई।

स्कॉटलैंड के ग्लासगों में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम में रजत पदक हासिल करते वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव ने राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश और भारत देश को गौरवान्वित किया है। अपनी जीत का परचम लहराकर शहर लौटने पर विभिन्न राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक और व्यापारिक संगठन द्वारा ज्ञानेश्वरी का भव्य स्वागत किया गया। बाजे-गाजे के साथ ज्ञानेश्वरी यादव को रथ पर सवार कर सम्मान रैली निकाली गई। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी, जहां जगह-जगह ज्ञानेश्वरी को शाबाशी देने

### संघर्षों से मिली जीत, प्रदेश सरकार का जताया आभार

अपनी सफलता को लेकर वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने कहा कि यहां तक के सफर में उन्हें काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कॉमनवेल्थ गेम में जब छत्तीसगढ़ का नाम आया तो उन्हें काफी खुशी हुई। ज्ञानेश्वरी ने बताया कि उन्हें डाइट को लेकर समस्या थी। इसके बाद एशियाई चैंपियनशिप से पहले प्रदेश सरकार ने डाइट के लिए काफी सहायता दी। ज्ञानेश्वरी ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देकर डीएसपी बनने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।

### महापौर ने दी शुभकामना

भारतीय जनता पार्टी, शहर कांग्रेस कमेटी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने भी राजनांदगांव को गौरवान्वित करने वाली बेटी को साफा पहनाकर फूल-माला से उसका स्वागत किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि यह हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमारे जिले, प्रदेश और देश का ज्ञानेश्वरी ने मान बढ़ाया है। महापौर ने अपनी शुभकामना देते कहा कि इसी तरह ज्ञानेश्वरी आगे बढ़े और ओलंपिक में भी शामिल होकर पदक हासिल करें। शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने भी अपनी शुभकामना देते कहा कि ज्ञानेश्वरी ने विश्व स्तर पर छत्तीसगढ़ और राजनांदगांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, नौकरी, प्रमोशन मिलना चाहिए। जिससे वह अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकें। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्ञानेश्वरी को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर आंदोलन का आगाज

# इंटर्न की हड़ताल से ओपीडी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेशभर में एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों ने स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। इसी कड़ी में पेंड्री स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल राजनांदगांव के भी 128 इंटर्न डॉक्टर भी सेवाएं ठप कर पूर्ण रूप से आंदोलन में जुट गए हैं। जिसका सीधा असर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के संचालन में देखने को मिल रहा है। हड़ताल लंबी चलने पर अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो सकती है। हालांकि प्रबंधन इससे साफ इंकार कर रहा है। प्रबंधन का कहना है कि इंटर्न के हड़ताल में जाने से बहुत अधिक प्रभाव संचालन में नहीं होगा।

मेडिकल कॉलेज परिसर में ही सभी इंटर्न डॉक्टर सामूहिक रूप से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से धरने पर बैठ गए हैं। इस आंदोलन को कॉलेज के प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के विद्यार्थियों के अलावा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), आईएमए-एमएसएन और आईएमए-जेडीएन का नैतिक समर्थन प्राप्त है। हड़ताली डॉक्टरों की प्रमुख मांग वर्तमान में मिल रहे 15,900 मासिक स्टाइपेंड को बढ़ाकर 30,000 प्रतिमाह करने की है। डॉक्टरों का कहना है कि शासन एवं स्वास्थ्य विभाग को कई बार ज्ञापन व नोटिस सौंपे जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे विवश होकर उन्हें हड़ताल का रास्ता चुनना पड़ा।

### आपातकालीन सेवा जारी

हड़ताल के कारण पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बाह्य रोगी विभाग यानी ओपीडी और वार्ड सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हो गई है। अस्पताल में रोजाना 750 से 900 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, जिन्हें ओपीडी सेवाएं बंद होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते फिलहाल आपातकालीन सेवाएं चालू रखी गई हैं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र कोई सकारात्मक रूख नहीं दिखाया, तो वे आपातकालीन सेवाओं का भी बहिष्कार करेंगे।

### व्यवस्था पर पड़ेगा सीधा असर

राजनांदगांव के पेंड्री स्थित इस प्रमुख चिकित्सा केंद्र पर न केवल शहर, बल्कि डोंगरगढ़, खैरागढ़, छुईखदान, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, मानपुर, छुरिया और डोंगरगांव जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। हड़ताल लंबी खींचने पर इन ग्रामीण इलाकों के मरीजों को गंभीर स्वास्थ्य संकट झेलना पड़ सकता है। बताया गया कि मंगलवार को अपातकालीन ड्यूटी में इंटर्न ने अपनी सेंवाए दी थी, लेकिन आज से यहां भी उनके द्वारा काम बंद कर दिया जाएगा।

### मनोबल बढ़ाना जरूरी

आईएमए मेडिकल स्टुडेंट्स नेटवर्क के राज्य संयोजक शहदील खुसरो ने बताया कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में 125 एवं प्रदेशभर के 914 इंटर्न अपनी मांगों को लेकर एकजुट हैं। संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री और उच्च अधिकारियों से तत्काल वार्ता कर समाधान निकालने की अपील की है।

# हत्या का प्रयास आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहल्ले में आए दिन वाद-विवाद करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नशे एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई की गई। थाना सोमनी पुलिस को ग्राम बघेरा में जनप्रतिनिधियों एवं मोहल्लेवासियों से लगातार शिकायत प्राप्त हो रही थी कि कुछ युवक शराब के नशे में आए दिन विवाद कर रहे हैं। जिसके गांव में तनाव की लगातार स्थिति निर्मित हो रही थी।

### दो पर कार्रवाई

शिकायतों के सत्यापन उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते सोनल मंडावी 23 वर्ष एवं खोमचंद साहू 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बघेरा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

### गिरफ्तारी वारंट तामील

इसी तरह धारा 294, 323, 506, 307, 34 भादवि के फरार आरोपी विजय सिंह साहू 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 57 दाई दीदी भवन के पास रामनगर थाना मोहन नगर जिला दुर्ग के विरुद्ध जारी गिरफ्तारी वारंट को तामील करते आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां जेल वारंट मिलने पर जेल भेजा गया।

### 6 को मोतीपुर में पालकी यात्रा

**राजनांदगांव।** महाकाल सेना राजनांदगांव एवं नगर के शिवभक्तों द्वारा बाबा श्री महाकाल जी की पालकी यात्रा 6 अगस्त को दोपहर 2 बजे से स्थानीय बजरंगपुर नवागांव, मोतीपुर, ममतानगर, तुलसीपुर एवं लेबर कॉलोनी क्षेत्र में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पूरे भव्यता के साथ भक्तिपूर्ण एवं गरिमामय माहौल में हर्षोल्लास से निकाली जाएगी। महाकाल सेना के रिभय यादव ने बताया कि बाबा श्री महाकाल चंद्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी नगर भ्रमण हेतु पालकी यात्रा के रूप में 6 अगस्त दोपहर 2 बजे स्थानीय मोतीपुर वार्ड के गणेशपारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, नवागांव शिवमंदिर होकर मोतीपुर वार्ड क्षेत्र अंतर्गत सुभाष क्लब, शीतलापारा होते हुए रेलवे अंडरब्रिज से ममता नगर, ठाकुर गुलाब सिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी पहुंचकर तुलसीपुर संगम चौक में पालकी यात्रा विसर्जित होगी। क्षेत्र में उत्साह एवं हर्ष का माहौल बना हुआ है।